तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 25.7 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, बुधवार 22 जुलाई 2026



रेलवे पार्सल आफिस के पास नाली निर्माण के लिए खोदे गए गड्ढे में भर रहा पानी।



## खबर संक्षेप

### बाढ़ प्रभावितों का प्रकरण बनाने के दिए निर्देश



**बिलासपुर।** कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज समय-सीमा (टीएल) बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को जनहित से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता और तत्परता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हाल की अतिवृष्टि एवं बाढ़ से प्रभावित लोगों को शीघ्र राहत उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए राजस्व अमला तत्काल प्रभावित क्षेत्रों का सर्वे कर राहत प्रकरण तैयार करे तथा नियमानुसार शीघ्र स्वीकृति देकर पात्र हितग्राहियों को मुआवजा उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने अधिकारियों को स्वयं मौके पर जाकर निरीक्षण करने तथा बाढ़ से शासकीय भवनों एवं अन्य सार्वजनिक परिसंपत्तियों को हुई क्षति का आकलन कर उसकी रिपोर्ट राहत शाखा को तत्काल भेजने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों के निराकरण की भी समीक्षा की। केंद्रीय जेल में हाल के दिनों में हुई कैदियों की आकस्मिक मौतों को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर श्री अग्रवाल ने अगले एक-दो दिनों के भीतर विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए।

### अनुकंपा नियुक्ति के पूर्व मंगाई दावा-आपत्ति

**बिलासपुर।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित, नेहरू चौक ने कार्यालय में अनुकंपा नियुक्ति के लिए प्राप्त 2 आवेदकों के आवेदन के छानबीन के क्रम में 7 दिवस के भीतर आमजनता से दावा आपत्ति मंगाई है। यदि आवेदक के परिवार के कोई भी सदस्य शासकीय सेवा में कार्यरत हो अथवा किसी प्रकार के अपराधिक या न्यायालीन मामले उनके विरूद्ध लंबित हो तो इसकी जानकारी उक्त समयावधि में बंद लिफाफे में या स्वयं कार्यालय में उपस्थित होकर जानकारी दे सकते हैं। सीईओ ने बताया कि बैंक में कार्यरत स्व. छतराम सिदार, निवासी वार्ड नं. 12 गौरा चौक, मालखरौदा जिला सक्ती के पुत्र जितेन्द्र कुमार सिंदार एवं स्व. कृष्ण कुमार मैत्री, निवासी कुसुमझर, पोस्ट डभरा, जिला सक्ती के पुत्र देवनारायण मैत्री ने अनुकंपा नियुक्ति के लिए आवेदन दिया है।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भर्ती, आवेदन 6 तक

**बिलासपुर।** एकीकृत बाल विकास परियोजना बिल्हा अंतर्गत ग्राम उमरिया के आंगनबाड़ी केन्द्र 1 में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के एक रिक्त पद के लिए 23 जुलाई से 6 अगस्त तक है। आनलाइन आवेदन मंगाए गए हैं। इच्छुक आवेदिका वेबसाइट में जाकर आवश्यक दस्तावेज अपलोड करते हुए आवेदन कर सकती है।

### आरटीई के लिए आवेदन 5 अगस्त तक

**बिलासपुर।** शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम 2009 के तहत निजी स्कूलों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए निःशुल्क प्रवेश की तृतीय और अंतिम चरण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। तय कार्यक्रम के अनुसार 22 जुलाई से 5 अगस्त 2026 तक आरटीई पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन और संशोधन किए जा सकेंगे। प्रशासन के अनुसार आवेदन अवधि के बाद दस्तावेजों का सत्यापन किया जाएगा। इसके बाद 10 से 14 अगस्त के बीच ऑनलाइन लॉटरी के जरिए चयन सूची जारी होगी। चयनित विद्यार्थियों का प्रवेश संबंधित निजी स्कूलों में 17 से 25 अगस्त तक कराया जाएगा। पूरी प्रवेश प्रक्रिया 27 अगस्त 2026 तक पूरी करने का लक्ष्य रखा गया है।

# कागजी दावों से अलग हमारा उद्देश्य सिम्स की व्यवस्था सुधारना है : हाईकोर्ट

- कोर्ट कमिश्नरों ने अपनी रिपोर्ट पेश की, व्यवस्था में सुधार तो हुआ लेकिन कमियां काफी बाकी।
- अगली सुनवाई 17 अगस्त को होगी, स्वास्थ्य विभाग और सीजीएमएससी ने पेश किया शपथ पत्र।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



सिम्स में स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ ही उपकरणों की कमी पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान कोर्ट कमिश्नरों ने अपनी रिपोर्ट पेश की।इसमें कहा गया कि मेडिकल कालेज में व्यवस्था में सुधार तो हुआ है लेकिन अभी भी बहुत कुछ कमियां हैं।

हाईकोर्ट ने स्वास्थ्य सचिव द्वारा पेश किए गए शपथ पत्र के आधार पर सिम्स में उपकरणों की कमी दूर करने और व्यवस्था में सुधार करने कहा है। हाईकोर्ट ने कहा कि कोर्ट कमिश्नर जब चाहें तब वहां जाकर दावों का सत्यापन कर सकते हैं। हाईकोर्ट ने कहा कि कागजी दावों से अलग, जब अस्पताल आने वाले वास्तविक मरीज को समय पर मशीनें और इलाज मिलेगा, तो वह दिल से दुआ देगा। मामले की अगली सुनवाई 17 अगस्त को होगी।

गौरतलब है कि पिछली सुनवाई में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के सचिव की ओर से शपथ पत्र पेश किया गया था। इसमें कहा गया था कि सिम्स में लगातार सुधार हो रहा है। इससे पहले कोर्ट कमिश्नर ने शपथ पत्र के एआई से बनाने की शंका जाहिर की थी। इस पर हाईकोर्ट ने कोर्ट कमिश्नरों को मौके का निरीक्षण कर रिपोर्ट देने कहा था।

ध्यान रहे कि सिम्स में अव्यवस्था के मामले को जनहित याचिका के तौर पर लेते हुए हाईकोर्ट में सुनवाई हो रही है। इसके बाद से सिम्स की व्यवस्था में काफी सुधार हुआ है, लेकिन पुराने भवन, अनावश्यक रेफरल के कारण परेशानियां बनी हुई हैं। स्वास्थ्य सचिव और सीजीएमएससी के एमडी ने जो शपथ पत्र दिया है उसमें सभी कुछ व्यवस्थित बताया गया है।

### बिना वजह मरीजों को सिम्स रेफर न किया जाए

शपथ पत्र में स्वास्थ्य सचिव ने बताया कि सिम्स के डीन और मेडिकल सुपरिटेंडेंट अब वाट्सएप ग्रुप के जरिए सीधे सफाई की निगरानी कर रहे हैं। बेकार हो चुके सामानों को हटाने के लिए रोज गूगल शीट पर लॉगबुक मेंटेन की जा रही है। इसके साथ ही सभी फ्लोर पर फायर स्प्रिंकलर सिस्टम चालू कर दिए गए हैं और फ्लोर मैनेजर तैनात किए गए हैं। छत से सीपेज रोकने और फॉल्स सीलिंग को ठीक करने का काम शुरू हो गया है। सिम्स पर मरीजों का बोझ कम करने के लिए आसपास के जिलों के सीएमएचओ और सिविल सर्जनों को पत्र भेजे गए हैं ताकि बिना वजह मरीजों को सिम्स रेफर न किया जाए। मुख्य गेट और कैजुअल्टी के पास नया हेल्पडेस्क बनाया जा रहा है ताकि मरीजों को भटकना न पड़े। संक्रामक मरीजों को अलग करने की व्यवस्था भी इसी हेल्पडेस्क के जरिए शुरू की गई है।

### डॉक्टरों और स्टाफ की कमी जल्द होगी दूर

डॉक्टरों और स्टाफ की कमी को दूर करने के लिए हर महीने वॉक-इन-इंटरव्यू किए जा रहे हैं। नए पदों की मंजूरी के लिए वित्त विभाग को फाइल भेजी गई है। इसके साथ ही बिजली गुल होने पर भी डायलिसिस न रुके, इसके लिए मशीनों को जनरेटर बैकअप से जोड़ा गया है। बर्न आईसीयू को भी अपग्रेड किया जा रहा है। इस दौरान सीजीएमएससी की तरफ से भी शपथ पत्र पेश किया गया। बाकायदा चार्ट के माध्यम से सिम्स के लिए जरूरी उपकरणों और मशीनों को खरीदी की स्टेटस रिपोर्ट पेश की गई। बताया गया कि सिम्स के लिए कुल 31 अत्याधुनिक मशीनों की खरीदी का टेंडर निकाला गया है। इनमें से 13 मशीनें सिम्स को सप्लाई की जा चुकी हैं। दो मशीनों के लिए जून में ही परचेज ऑर्डर जारी कर दिया गया है। वहीं, दो मशीनों के रेट ज्यादा थे, जिस पर पर सिम्स से मंजूरी री मिल गई है। इसका भी ऑर्डर जारी हो जाएगा जबकि दो मशीनें अभी सिम्स में तकनीकी प्रदर्शन के दौर में हैं। इसके पास होते ही फाइनेंशियल बिड खोली जाएगी।

### कोर्ट कमिश्नर ने रिपोर्ट में बताई खामियां

सुनवाई के दौरान कोर्ट कमिश्नरों द्वारा मार्च और अप्रैल में किए गए निरीक्षण की रिपोर्ट का भी हवाला दिया गया। कोर्ट कमिश्नर ने बताया था कि सिम्स में पानी के लीकेज की गंभीर समस्या है, दो दिन पहले ही वहां पानी भरा हुआ था। इसके साथ ही अस्पताल में फायर फाइटिंग सिस्टम का काम भी ठप पड़ा हुआ था। इस पर शासन की ओर से बताया गया कि 15 जून 2026 को पत्र जारी कर फायर सिस्टम के मरम्मत का काम शुरू करवा दिया गया है और वर्तमान में काम तेजी से चल रहा है। हाई कोर्ट ने मामले की गंभीरता को देखते हुए कहा कि हम इसे कोई विपरीत या दंडात्मक मुकदमा नहीं मान रहे हैं। हमारा उद्देश्य सिम्स की व्यवस्था सुधारना है।

# गुरु-चेला के विवाद में किन्नर की गला दबाकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



मृतका।



आरोपी।

एक दिन में डबल मर्डर से जिले में सनसनी फैल गई है। गुरू चेला के विवाद में गला दबाकर किन्नर की हत्या कर दी गई, वहीं साइकिल बनवाने के विवाद में पिता ने लाठी से हमलाकर बेटे की हत्या कर दी। डबल मडर से पुलिस महकमा में हड़कंप मच गया।

सीएसपी निमितेश सिंह परहिार ने बताया कि चिल्हाटी निवासी किन्नर तन्नू खान का जोकी निवासी किन्नर मीरा उर्फ आशीष, वर्षा जान के बीच मित्रता थी और तीनों गुरू भाई थे। 17 जुलाई को वर्षा जान दिल्ली से बिलासपुर आई जिसे तन्नू खान ने पुराना बस स्टैण्ड स्थित एक होटल में रुकवाया था। 20 जुलाई को तीनों दोपहर 12 से 1 बजे के मध्य साथ में थे। मीरा उर्फ आशीष के आग्रह पर वर्षा जान और तन्नू खान जोकी उसके घर आटो से जा रहे थे। रास्ते में जरहागांव बरेला सेमरचुवा हाल मुकाम जोकी ओवरब्रिज निवासी किन्नर रिया उर्फ राकेश पिता परमेश्वर ध्रुव मिला जो मीरा के कहने पर उसके घर जाने को तैयार हो गया। तन्नू रिया के साथ स्कूटी से अपनी बड़ी मां को तालापारा स्थित अस्पताल में देखने गया। वहां से लौटकर दोनों 5 पाव देशी शराब व डेढ़ किलो मछली खरीदकर मीरा के घर आए। तन्नू खान ने मछली की सब्जी बनाई। चारों मिलकर शराब पी और मछली खाई।

### नशे में हुआ विवाद

नशे में किन्नर तन्नू खान ने मीरा से पूछा कि तुम्हारा गुरू कौन है किन्नर समाज में गुरू चेला प्रथा चलती है। चेला गुरू को सालाना 10 हजार व मासिक 2 हजार रुपए देता है। तुम मुझे अपना गुरू बनाओ नहीं तो तुम्हें मांगने खाने नहीं दूंगी। रिया बोली न मेरा कोई गुरू है और न मै किसी की चेला । मै अपना गुरू / चेला स्वयं हूं न मै किसी से लेता हूं और न किसी को देता हूं। जिससे दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया। किन्नर वर्षा व मीरा ने शांत रहने समझाइश दी। नहीं मानने पर अपने गुरू तालापारा निवासी राजा किन्नर को फोन लगाकर दोनों को समझाने कहा। राजा किन्नर के समझाने पर भी दोनों नहीं माने। तन्नू बोली तुम तालापारा में मांग खाकर दिखाओं तुम्हे बताती हूं।

### रास्ते में गला दबाकर की हत्या

विवाद के बाद तन्नू खान व रिया किन्नर गुरू राजा किन्नर से मिलने के लिए घर से पैदल साथ में निकले। रात 11 से 12 बजे के बीच एनएस 130 दलदलिहापारा बस स्टाप के पास दोनों के बीच विवाद बढ़ गया। जिससे रिया ने तन्नू खान के साथ मारपीट कर गला दबाकर हत्या कर दी। पुलिस ने रिया को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने हत्या करना स्वीकार कर लिया। उसके निशानदेहीं पर पुलिस ने मृतका तन्नू खान की मोबाइल, चप्पल, चार्जर व अन्य सामान बरामद कर लिया है। पुलिस ने आरोपी रिया किन्नर को गिरफ्तार कर लिया है।

### लाठी से पीटकर पिता- बेटे की हत्या

तखतपुर पुलिस के अनुसार, कुसमूली निवासी मोहित श्रीवास 56 साल का बेटा विजेन्द्र कुमार श्रीवास 30 साल शराब पीने का आदी था और आए दिन नशे में घर में विवाद कर हंगामा मचाता था। उसकी हरकत से घरवाले परेशान हो गए थे। 21 जुलाई की सुबह नशे में विजेन्द्र अपने पिता से मोटर साइकिल बनवाकर लाने पर पैसा मांगा। मना करने पर विजेन्द्र गाड़ी स्वयं रखने के बात कहते हुए गाली गलौज कर हंगामा मचाने लगा। आए दिन के हंगामा से त्रस्त होकर पिता मोहित श्रीवास ने बेटा विजेन्द्र के सिर पर लाठी से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। सिर फट जाने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने घर से आरोपी पिता मोहित श्रीवास को गिरफ्तार कर लिया है।







# होटल से 4600 लीटर कीटनाशक 9600 किलो खाद जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- कृषि विभाग के उड़नदस्ते की कार्रवाई

सिरगिट्टी स्थित होटल गोल्डन स्टे के फर्स्ट फ्लोर में अवैध तरीके से रखा गया कीटनाशक व खाद कृषि विभाग के उड़नदस्ता दल ने जब्त किया है। पुख्ता सूचना मिलने की स्थिति में संचालक कृषि एवं कलेक्टर की अनुमति के बाद कृषि विभाग ने भारी मात्रा में 4 हजार 610 लीटर कीटनाशक एवं 9 हजार 6 सौ किलोग्राम जैव उत्प्रेरक खाद जब्त कर इनके विक्रय पर तत्काल प्रतिबंध लगा दिया है।

कीटनाशक एवं खाद के अवैध व्यापार को रोकने में कृषि विभाग को बड़ी सफलता मिली है। विभाग की उड़नदस्ता टीम ने चौदह हजार लीटर व किलोग्राम कीटनाशक व खाद जब्त करते हुए इनकी जांच के लिए नमूने भेज दिए हैं। प्रारंभिक जांच में सामग्री के अवैध भंडारण का मामला सामने आने पर संदेहास्पद कृषि आदानों के नमूने लेकर परीक्षण हेतु अधिकृत प्रयोगशाला भेजे गए हैं। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद नियमानुसार आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। पूरे दिन चली कार्रवाई के दौरान जब्त सामग्री के विक्रय पर प्रतिबंध लगाते हुए उसे गोदाम संचालक मनीष सिंह की सुपुर्दगी में सुरक्षित रखा गया।

# भारी बारिश का अलर्ट, 5 दिन में बरसा 46 सेमी पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- गरज के साथ बिजली चमकने का किया अलर्ट



रह-रह कर जिले में हो रही झमाझम ने किसानों के चेहरे में चमक ला दी है, लेकिन आम लोगों की जिंदगी थोड़ी अस्त व्यस्त हो चुकी है। पिछले 5 दिनों में जिले में 46 सेमी पानी बरस चुका है। सोमवार की रात से हो रही बारिश मंगलवार को भी जारी रही, इस दौरान दोपहर को कुछ देर के लिए बारिश थमी रही लेकिन शाम होते ही झमाझम बारिश के कारण मौसम का मजा दोगूना हो गया। सड़कों पर एक बार फिर पानी भराव की स्थिति रही और यातायात भी जाम हो गया है।

पश्चिम बंगाल और झारखंड के ऊपर बने निम्न दबाव के क्षेत्र के कारण छत्तीसगढ़ में मानसून सक्रिय है। मौसम विभाग ने बिलासपुर और सरगुजा संभाग में भारी बारिश और आकाशीय बिजली गिरने का अलर्ट जारी किया है। निम्न दबाव के क्षेत्र और सक्रिय चक्रवाती परिसंचरण के कारण मानसून की गतिविधियां तेज हो गई हैं। इससे खेती-किसानी का काम तेजी से किया जा रहा है, और किसानों के मुरझाए चेहरे खिल चुके है। मौसम विभाग ने प्रशासन व आम लोगों को सतर्कता बरतने की सलाह दी है,

### 25 प्रतिशत कम है बारिश

मानसून सीजन भले ही संतोषजनक नहीं रही है। सीजनल वर्षा सामान्य से 25 प्रतिशत कम दर्ज की गई है। राज्य के पूरे मानसून सीजन की दीर्घकालिक औसत वर्षा लगभग 1142 मिमी है। इस मानक के अनुसार, एक जून से 18-19 जुलाई तक प्रदेश में औसतन 380 मिमी से 400 मिमी बारिश हो जानी चाहिए थी, लेकिन अब तक केवल 300 मिमी ही वर्षा दर्ज की गई है।

### सड़कों पर भरा पानी

शाम को झमाझम बारिश के बाद शहर के कई सड़कों पर जल भराव की स्थिति निर्मित हो गई है। मसानगंज, सरजू बगीचा, कतियापारा, चिंगराजपारा, विद्या नगर, बसस्टैंड चौक, , कश्यप कालोनी,बंधवपारा जैसे इलाकों में पानी भर गया, इस दौरान सड़कों पर जाम की स्थिति भी बनी। खास बात यह है कि नालियों की ड्रेनेज व्यवस्था की पोल खुलने लगी है, बारिश का पानी नाली के बजाए सड़क से होकर गुजर रहा है। जिससे मौसमी बीमारी और संक्रमण का खतरा बना हुआ है।

# शिक्षा विभाग के 38 शिक्षक क्लर्क का अटैचमेंट खत्म

- मूल पदस्थापना वाले स्कूलों में ज्वाइन करने का आदेश

**बिलासपुर।** प्रभारी डीईओ डॉ अजय कौशिक ने अटैचमेंट को खत्म करते हुए शिक्षा विभाग के बाबू, भृत्य व शिक्षकों को अपने मूल पदस्थापना वाले स्कूलों में ज्वाइन करने का आदेश जारी किया है। ज्वाइन करने के साथ ही वीएसके एप के जरिए अटेंडेंस लगाना भी अनिवार्य है। रिलीव होने के बाद ज्वाइन नहीं करने पर सर्विस ब्रेक की सजा मिलेगी।

डीईओ ने जारी आदेश में लिखा है कि संभागीय संयुक्त संचालक, जिला शिक्षा अधिकारी, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी एवं विकास खण्ड स्त्रोत समन्वयक कार्यालय में संलग्न कर्मचारियो, शिक्षकों को तत्काल उनकी मूल पदस्थापना संस्था हेतु कार्यमुक्त करने और तय समय में ज्वाइन नहीं करने वालों के सर्विस ब्रेक किए जाने का निर्देश दिए गए है। उपरोक्त निर्देश के परिपालन में विभिन्न कार्यालयों में संलग्न कर्मचारियों को उनके मूल पदस्थापना के लिए कार्यमुक्त किया जाता है। इसी के तहत प्रभारी डीईओ ने व्याख्याता एलबी अखिलेश कुमार तिवारी को कार्यमुक्त करते हुए सिंगल आदेश जारी किया है। अखिलेश तिवारी कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी बिलासपुर छ.ग. में अटैच थे। उनका संलग्नीकरण आदेश को रद्द करते हुए तत्काल मूल संस्था शा. कन्या.उ. मा. विद्यालय चकरभाठा में जॉइन करने का आदेश दिया है। इसके साथ ही 37 व्याख्याता, प्रधान पाठक, शिक्षक, सहायक शिक्षक, क्लर्क और भृत्यों को भी कार्यमुक्त किया गया है। यह सभी कर्मचारी स्कूल, शिक्षा विभाग और तहसील आफिसों में अटैच थे।

## बीए-एलएलबी छठवें सेमेस्टर की परीक्षा की गई निरस्त, यूनिवर्सिटी ने जारी किया एग्जाम का री-शेड्यूल

# सीयू में पेपर लीक कांड, लॉ की परीक्षा रद्द, छात्रों ने मचाया हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी ने पेपर लीक कांड मामले में कार्रवाई करते हुए लॉ डिपार्टमेंट अंतर्गत बीए-एलएलबी छठवें सेमेस्टर की परीक्षा को रद्द कर दिया है। सेंट्रल यूनिवर्सिटी द्वारा मंगलवार को जैसे ही बीए-एलएलबी की परीक्षा निरस्त करने की सूचना लॉ डिपार्टमेंट के छात्र-छात्राओं को लगी, वैसे ही स्टूडेंट्स की भीड़ प्रशासनिक भवन पहुंच गई, जहां काफी हंगामा हुआ। लॉ के स्टूडेंट्स उनकी परीक्षा निरस्त किए जाने का विरोध कर रहे थे।

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में मंगलवार को लॉ डिपार्टमेंट अंतर्गत बीए-एलएलबी छठवें सेमेस्टर की परीक्षा को स्थगित कर दिया गया। यह परीक्षा यूनिवर्सिटी द्वारा 7 मई से 28 मई तक आयोजित की गई थी। यूनिवर्सिटी की ओर जारी आदेश में अपरिहार्य कारणों का उल्लेख करते हुए बीए-एलएलबी की छठवें सेमेस्टर मुख्य परीक्षा को निरस्त करते हुए सेमेस्टर परीक्षा का रि-शेड्यूल जारी कर दिया गया है। रि-शेड्यूल के तहत बीए-एलएलबी की परीक्षा अब 27 जुलाई से पुनः आयोजित की जाएगी। लॉ की परीक्षा निरस्त होने पर आज यूनिवर्सिटी में काफी हंगामा भी मचा।

परीक्षा निरस्त होने की सूचना जैसे ही लॉ डिपार्टमेंट तक पहुंची वैसे लॉ के स्टूडेंट्स की भीड़ यूनिवर्सिटी प्रशासनिक भवन पहुंच गई और वहां पर प्रदर्शन करते हुए परीक्षा रद्द किए जाने का विरोध करने लगी। काफी देर तक छात्र-छात्राओं का विरोध प्रदर्शन चलता रहा, उसके बाद रजिस्ट्रार प्रो. अश्वनी दीक्षित सहित यूनिवर्सिटी के अधिकारी वहां पहुंचे और छात्रों को समझाईश दी उसके बाद ही विरोध प्रदर्शन शांत हुआ।



### लॉ के छात्रों ने प्रबंधन से जताई आपत्ति

बीए-एलएलबी के छात्रों ने यूनिवर्सिटी प्रशासन को ज्ञापन सौंपते हुए पुनः परीक्षा आयोजित किए जाने पर आपत्ति जताई है। उनका कहना है कि जिस रिपोर्ट के आधार पर पुनः परीक्षा कराने का निर्णय लिया गया है। उसे पारदर्शिता के लिए सार्वजनिक किया जाना चाहिए। पुनः परीक्षा आयोजित करने के संबंध में जो अधिसूचना जारी की गई है उसे तत्काल प्रभाव से रद्द किया जाए। जांच के दौरान हम सभी विद्यार्थियों के सहयोग की आवश्यकता हो तो हम सभी प्रस्तुत हैं तथा अगर कोई दोषी पाया जाता है उसके विरूद्ध ठोस एवं दण्डात्मक कार्रवाई किया जाए।

### जांच रिपोर्ट के डेढ़ महिने बाद परीक्षा निरस्त

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में पांच सदस्यीय फैक्ट फाईडिंग कमेटी द्वारा यूनिवर्सिटी प्रशासन को बंद लिफाफे में जांच रिपोर्ट 6 जून को सौंपी गई थी। इस जांच रिपोर्ट के करीब डेढ़ माह तक मामला ठंडा पड़े बस्ते में पड़ा रहा। कुलपति प्रो. आलोक चक्रवाल को कुलपति पद पर एक्सटेंशन मिलते ही अचानक मंगलवार को पेपर लीक मामले में कार्रवाई करते हुए बीए-एलएलबी छठवें सेमेस्टर की परीक्षा निरस्त कर दिया गया। इसलिए यूनिवर्सिटी प्रशासन पर भी छात्रों द्वारा ऊंगली उठाई जा रही है कि बदनामी के भय से मामला दबाकर रखा गया था।

### मामले में हटाए गए थे डीन, एचओडी

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में प्रश्न पेपर लीक मामले को दबाने व दोषियों को संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए छात्रों की ओर मामले की शिकायत सेंट्रल यूनिवर्सिटी के कुलाध्यक्ष राष्ट्रपति से की गई थी। इसके बाद यूनिवर्सिटी प्रशासन द्वारा माहभर पहले ही लॉ डिपार्टमेंट के एचओडी, डीन प्रो. सुधांशु रंजन मोहापात्रा को हटाकर उनकी जगह पर इतिहास विभाग के प्रो. प्रवीण मिश्रा को लॉ डिपार्टमेंट एचओडी, डीन बनाया गया था। क्योंकि पेपर लीक मामले में लॉ डिपार्टमेंट पर ही ऊंगली उठ रही थी और जांच में भी लॉ के पेपर लीक सामने आया था।

### पांच सदस्यीय फैक्ट फाईडिंग कमेटी

सेंट्रल यूनिवर्सिटी की ओर से समर्थ पोर्टल से डाटा, प्रश्न पेपर लीक होने के मामले को लेकर पांच सदस्यीय फैक्ट फाईडिंग कमेटी बनाई गई थी। इस कमेटी में प्रो. एससी श्रीवास्तव, प्रॉक्टर प्रो. मुकेश कुमार सिंह, प्रो. खेमचंद देवांगन, ओएसडी विकास प्रो. भारती अहिरवार, असिस्टेंट रजिस्ट्रार एग्जाम टीपी सिंह शामिल थे। यूनिवर्सिटी प्रशासन ने इस कमेटी को सात दिवस में अपनी जांच पूरी कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। फैक्ट फाईडिंग कमेटी ने अपनी जांच कर निर्धारित अवधि में रिपोर्ट यूनिवर्सिटी प्रशासन को सौंप दी थी। इसमें जो जानकारी सामने आई है उसके अनुसार समर्थ पोर्टल हैक नहीं हुआ था, बल्कि पोर्टल से लॉगिन आईडी पासवर्ड के जरिए डाटा, पेपर लीक हुआ। इसलिए फैक्ट फाईडिंग कमेटी ने इस मामले को पुलिस को जांच के लिए सौंपने की अनुशंसा की थी।

**खबर संक्षेप**

## गौ माता को राष्ट्रमाता का दर्जा और गोहत्या पर केंद्रीय कानून की मांग



**बिलासपुर।** गौ माता को राष्ट्रमाता का दर्जा देने और गौहत्या पर रोक के लिए केंद्रीय कानून बनाने की मांग को लेकर देशभर में छह चरणों में जनजागरण अभियान चलाया जाएगा। अभियान से जुड़े भरत महाराज ने बताया कि प्रार्थना पत्र, हस्ताक्षर अभियान, जनसंपर्क, दिल्ली में चरणबद्ध कार्यक्रम और उपवास के माध्यम से केंद्र सरकार तक मांग पहुंचाई जाएगी। उन्होंने कहा कि गौ हत्या रोकने की जिम्मेदारी केवल सरकार की नहीं, बल्कि पूरे समाज की भी है। अभियान के पहले चरण में पांच करोड़ हस्ताक्षर केंद्र सरकार तक पहुंचाए गए हैं। 27 जुलाई से दूसरे चरण में 15 करोड़ हस्ताक्षर जुटाने का लक्ष्य है। इसके बाद 27 अक्टूबर से तीसरे चरण में 20 करोड़ हस्ताक्षर जुटाने की योजना है। मांग पूरी नहीं होने पर फरवरी 2027 से चौथे चरण में दिल्ली में प्रार्थना पत्र अभियान चलाया जाएगा। 15 अगस्त 2027 के बाद पांचवें चरण में संतों और श्रद्धालुओं के दिल्ली पहुंचकर उपवास करने की योजना है। इसके बाद छठे चरण में संतों, सामाजिक संगठनों और विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधियों के साथ आगे की रणनीति तय की जाएगी। भरत महाराज ने केंद्रीय चरागाह नीति बनाने और गौवंश के लिए पर्याप्त चारा, आश्रय व चरागाह उपलब्ध कराने की भी मांग की।

## पेपर लीक के विरोध मे नेहरू चौक पर युवाओं ने प्रदर्शन किया



**बिलासपुर।** मंगलवार को नेहरू चौक पर सोनम वांगचुक के समर्थन और पेपर लीक के विरोध मे युवाओं ने प्रदर्शन किया। पेपर लीक मामले में केन्द्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफ़े की मांग की गई।

## सोंथलिया भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छग के सहायक राज्य आयुक्त बने



**बिलासपुर।** राजेश सोंथलिया को भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राज्य संघ छत्तीसगढ़ में सहायक राज्य आयुक्त स्काउट के पद पर आगामी आदेश पर्यन्त तक नियुक्ति प्रदान की गई है। उनकी यह नियुक्ति शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव की अनुशंसा पर राज्य मुख्य आयुक्त इंदरजीत सिह खालसा, भारत स्काउड एंड गाइड छत्तीसगढ़ द्वारा की गई है।

## उत्कल बिलास साहित्य संसद में कवि दीपक सम्मानित



**बिलासपुर।** जगन्नाथ प्रांगण रेलवे कॉलोनी में उत्कल बिलास साहित्य संसद के तत्वावधान में साहित्य, संस्कृति एवं कला को समर्पित एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में देश-प्रदेश के प्रतिष्ठित साहित्यकारों, कवियों एवं गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर कवि दीपक दुबे 'सागर' को हिंदी साहित्य में उनके उत्कृष्ट योगदान, राष्ट्रवादी एवं ओजपूर्ण काव्य-सृजन तथा साहित्य साधना के लिए काव्य विलासी सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व न्यायमूर्ति चन्द्रभूषण बाजपेयी ने की। मुख्य अतिथि डॉ. विनय कुमार पाठक एवं विशिष्ट अतिथि बृजेश सिंह थे। इस अवसर पर निर्मल राउत, डॉ. बामन चंद्र दीक्षित तथा करुणाकर बेहेरा, अशोक शर्मा, सुरेश बैस, राघवेंद्र दुबे, सुनील दत्त मिश्रा, शत्रुघ्न जैसवानी, शीतल प्रसाद पाटनवर, पूर्णिमा तिवारी, अंजू दुबे, गोपाल मिश्रा, राहुल सिंह एवं विक्रम सिंह आदि मौजूद थे।

## विश्वाधारम जनकल्याण सेवा समिति ने पीड़ित महिला को दी राशन सामग्री



**बिलासपुर।** विश्वाधारम जनकल्याण सेवा समिति संस्था के अध्यक्ष चंद्रकांत साहू ने बताया कि लगभग चार माह पूर्व महिला के पति गंभीर सड़क दुर्घटना का शिकार हो गए थे। दुर्घटना में उनके हाथ, पैर, सिर एवं चेहरे पर गंभीर चोटें आईं और कई जगह फ्रैक्चर होने के कारण वे आज भी बिस्तर पर हैं। परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य के असमर्थ हो जाने से परिवार आर्थिक संकट में आ गया है। दुर्घटना के बाद उपचार के लिए परिवार को अपने सोने के आभूषण तक गिरवी रखने पड़े। वर्तमान में तीन छोटे बच्चों की पढ़ाई, घर का दैनिक खर्च एवं पति के इलाज की जिम्मेदारी पूरी तरह महिला के कंधों पर है। चिकित्सकों ने उनके पति को नियमित फिजियोथेरेपी कराने की सलाह दी है, जिसके लिए लगभग 5000 की आवश्यकता है। आर्थिक अभाव के कारण परिवार यह उपचार कराने में असमर्थ है। पीड़ित परिवार की स्थिति की जानकारी मिलने पर संस्था ने मानवीय संवेदना दिखाते हुए एक माह की राशन सामग्री उपलब्ध कराई। यह सहयोग होटल बंशीवाला के संचालक दिनेश चंदानी एवं संस्था अध्यक्ष चंद्रकांत साहू की धर्मपत्नी रंजिता साहू एवं कुलदीप जायसवाल के सहयोग से संभव हो सका।

**यात्रियों को राहत** | कांवरियों, कांग्रेसियों ने किया था जोन मुख्यालय में विरोध प्रदर्शन

# आंदोलन के बाद रिस्टोर कर दी गई रद्द साउथ बिहार एक्सप्रेस

**बिलासपुर।** रेल प्रशासन ने चक्रधरपुर रेल मंडल में अधोसंरचना कार्य के लिए दूसरी ट्रेनों के साथ साउथ बिहार एक्सप्रेस को भी रद्द कर दिया था, जिसे पुनः रिस्टोर करने की मांग को लेकर कांवरियों के साथ कांग्रेसियों ने जोन मुख्यालय में विरोध करते हुए आंदोलन किया था। इस आंदोलन और मांग करने के बाद रेल प्रशासन ने एक बार फिर साउथ बिहार एक्सप्रेस को पुनः वापस पटरी पर लाने का आदेश जारी कर दिया है।

प्रतिवर्ष दुर्ग से आरा जंक्शन की ओर जाने वाली साउथ बिहार एक्सप्रेस में बाबा धाम में जाने वाले श्रद्धालुओं की काफी भीड़ रहती है। लोग बाबा धाम जाने के लिए महीनों पहले से बुकिंग कर लेते हैं, ताकि उनका सफर आरामदायक हो सके। स्लीपर के साथ ही एसी कोच भी डेढ़ से दो माह तक फुल रहने के कारण तत्काल में भी कंफर्म बर्थ मिलना मुश्किल हो जाता है। इस वर्ष भी सावन मास की शुरुआत से पहले ही बाबा धाम में कांवर



लेकर जाने वालों का जत्था जाना शुरु हो गया है। वहीं रेल प्रशासन ने चक्रधरपुर मंडल के कंसबहाल और धारूआडीही सेक्शन में अधोसंरचना सहित अन्य कार्यो को करने के लिए 3 जुलाई से लेकर 17 नवम्बर तक पांच माह के लिए दूसरे जोन के साथ दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली ट्रेनों का परिचालन रद्द करने का आर्डर जारी किया गया। इसमें बिलासपुर जोन की एकमात्र मुख्य ट्रेन साउथ बिहार एक्सप्रेस को भी शामिल किया गया, जिसमें श्रावण मास के दौरान कांवर लेकर जाने वाले श्रद्धालुओं की सबसे अधिक भीड़ होती है। इस ट्रेन को रेल प्रशासन की ओर जुलाई माह में 23, 30 को, अगस्त माह में 6, 13, 20, 27 को, सितम्बर माह में 3, 10, 17, 24, अक्टूबर माह में 1, 8, 15, 22, 29 को, नवम्बर माह में 5 व 12 को आरा से चलने वाली 13288 आरा-दुर्ग साउथ बिहार एक्सप्रेस राउरकेला स्टेशन में समाप्त करने के बाद राउरकेला से रायगढ़, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग के बीच के अतिरिक्त जुलाई माह में 3, 10, 17, 24, 31 को, अगस्त माह में 7, 14, 21, 28 को रद्द किया गया था।

### एनआई और ब्लॉक से हावड़ा और बिलासपुर-रायपुर की ट्रेनें प्रभावित होंगी 23 से

इंटरलाकिंग और ब्लॉक के कारण हावड़ा-मुम्बई की एक्सप्रेस ट्रेनों के अलावा बिलासपुर से रायपुर के बीच लोकल ट्रेनों के पहियों को रोकने का आदेश जारी किया गया है, जिसके कारण यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। रेलवे के अनुसार अधोसंरचना विकास के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन में रायपुर मंडल के भाटापारा से हथबंध स्टेशन के बीच तीसरी लाइन सेक्शन में आटो सिग्नलिंग कमीशनिंग का कार्य करने के लिए नान इंटरलाकिंग का कार्य करने का निर्णय लिया गया है। इस कार्य की वजह से बिलासपुर से रायपुर के बीच चलने वाली लोकल और पैसेंजर ट्रेनों कों रद्द किया जा रहा है। इन ट्रेनों में 23 जुलाई को 68728 रायपुर से बिलासपुर के बीच चलने वाली मेमू पैसेंजर, 23 जुलाई को 68734 बिलासपुर-गेवरारोड मेमू पैसेंजर, 23 जुलाई को 68733 गेवरारोड-बिलासपुर मेमू पैसेंजर, 68719 बिलासपुर-रायपुर मेमू पैसेंजर, 58203 कोरबा-रायपुर पैसेंजर, 58204 रायपुर-कोरबा पैसेंजर, 68746 रायपुर-गेवरारोड मेमू पैसेंजर के अलावा 24 जुलाई को 68745 कोरबा-रायपुर मेमू पैसेंजर ट्रेन के पहिए थमे रहेंगे। रद्द मेमू और पैसेंजर के अतिरिक्त 23 जुलाई को झारसुगुड़ा से गोंदिया के बीच चलने वाली 68862/68861 झारसुगुड़ा-गोंदिया और गोंदिया से झारसुगुड़ा के बीच चलने वाली मेमू पैसेंजर को बिलासपुर स्टेशन में समाप्त करने के बाद प्रारंभ किया जाएगा। यह ट्रेन बिलासपुर से गोंदिया और गोंदिया से बिलासपुर के नहीं चलाई जाएगी। इसी तरह पूर्व रेलवे हावड़ा मंडल के हावड़ा स्टेशन पर लिंक केबिन के साथ प्लेटफार्म 24 के कमीशनिंग कार्य को पूरा करने के लिए 24 से 27 जुलाई तक नान इंटरलाकिंग कार्य किए जाने के कारण एसईसीआर से होकर चलने वाली कुछ गाड़ियां हावड़ा स्टेशन के स्थान पर सांतरागाछी और शालीमार स्टेशन से प्रारंभ व समाप्त होंगी। **यह ट्रेनें शामिल:** 24 व 25 जुलाई को 12859 सीएसएमटी-हावड़ा गीतांजली एक्सप्रेस सांतरागाछी स्टेशन में समाप्त करने के बाद 25 व 26 जुलाई को 12860 हावड़ा-सीएसएमटी गीतांजली एक्सप्रेस बनाकर सांतरागाछी से प्रारंभ की जाएगी। 24 जुलाई को 12809 सीएसएमटी-हावड़ा मेल एक्सप्रेस सांतरागाछी स्टेशन में समाप्त करने के बाद 25 व 26 जुलाई को 12810 हावड़ा-सीएसएमटी मेल एक्सप्रेस बनकर सांतरागाछी स्टेशन से। 0 25 जुलाई को सांई नगर शिरडी से रवाना होने वाली 22893 सांईनगर शिरडी-हावड़ा एक्सप्रेस सांतरागाछी स्टेशन में समाप्त होगी।

## एयू यूटीडी की प्रवेश परीक्षा में शामिल हुए 982 स्टूडेंट्स



**बिलासपुर।** अटल यूनिवर्सिटी के यूटीडी में संचालित स्नातक व स्नातकोत्तर पाठयक्रमों में प्रवेश के लिए मंगलवार को प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई। इसमें कुल 1254 स्टूडेंट्स में से 982 स्टूडेंट्स प्रवेश परीक्षा में शामिल हुए जबकि 271 अनुपस्थित रहें। इस तरह प्रवेश परीक्षा में लगभग 78 फीसदी उपस्थिति रही।

अटल यूनिवर्सिटी के यूटीडी में पांच टीचिंग डिपार्टमेंट हैं, जिसके अंतर्गत स्नातक स्तर के पाठयक्रम बीएससी कंप्यूटर साइंस, बीएससी एमबीबीआई, बीबीए, बीएससी फूड प्रोसेसिंग एंड टेक्नालाजी, बीएससी बायोटेक, बीकॉम, बीसीए संचालित हैं। इसी तरह स्नातकोत्तर पाठयक्रमों में एमएससी कंप्यूटर साइंस, एमएससी एमबीबीआई, एमबीए, एमएससी फूड प्रोसेसिंग एंड टेक्नालाजी, एमएससी बायोटेक, एमकॉम, एमसीए, एमबीए टीटीएम पाठयक्रम संचालित हैं। इन पाठयक्रमों में प्रवेश परीक्षा के माध्यम से प्रवेश दिया जाता है, जिसके लिए यूनिवर्सिटी द्वारा आनलाइन आवेदन भराया गया था। स्नातक पाठयक्रमों के लिए 830 और स्नातकोत्तर के लिए 424 मिलाकर कुल 1254 छात्र-छात्राओं ने आवेदन जमा किया था। इनमें से आज 982 परीक्षार्थी उपस्थित हुए, जबकि 271 लोग अनुपस्थित थे। अटल यूनिवर्सिटी के यूटीडी में नवीन शैक्षणिक सत्र में प्रवेश के लिए आज प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई। इसमें छात्र-छात्राओं को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यूनिवर्सिटी एलुमनी एसोसिएशन एवं यूनिवर्सिटी में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं द्वारा संयुक्त रूप से हेल्प डेस्क लगाया गया था। हेल्प डेस्क में छात्राओं की सुविधा के लिए पिंक डेस्क व छात्रों के लिए ब्लू डेस्क की व्यवस्था की गई थी। हेल्प डेस्क के माध्यम से परीक्षार्थियों को एडमिट कार्ड जनरेट करने, विभागों से संबंधित जानकारी एवं अन्य तकनीकी एवं परीक्षा संबंधी समस्याओं के समाधान में त्वरित सहायता प्रदान की गई। यूनिवर्सिटी एलुमनी एसोसिएशन के सचिव सूरज सिंह राजपूत सहित छात्रों ने बताया कि हेल्प डेस्क का मुख्य उद्देश्य प्रवेश परीक्षा में शामिल होने वाले छात्र-छात्राओं को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो इसका ध्यान रखना तथा उन्हें समय पर आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराना था। इस अवसर पर सूरज सिंह राजपूत, नीरज यादव, सौरभ दुबे, यश अवस्थी, सारांश सिंह, रूद्र पटेल, चिन्मय राहा आदि उपस्थित रहे।

## साइंस व जीडीसी आटोनामस कालेजों में प्रवेश के लिए सीट ओपन



**बिलासपुर।** शहर के दो गवर्नमेंट आटोनामस कालेज ई. राघवेन्द्र राव साइंस कालेज व बिलासा गर्ल्स डिग्री कालेज जीडीसी ने फर्स्ट ईयर में प्रवेश के लिए अपने यहां सीटें ओपन कर दी है। इन दोनों ही कालेजों में साइंस, आर्टस और कामर्स फर्स्ट सेमेस्टर में प्रवेश के लिए दो-दो बार मेरिट आधार पर लिस्ट निकाली जा चुकी है, उसके बाद सीटें खाली रह गई है।

ई. राघवेन्द्र राव साइंस कालेज में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के अंतर्गत स्नातक फर्स्ट सेमेस्टर के विभिन्न विषय समूहों में उपलब्ध सीटों पर प्रवेश के लिए मंगलवार को फिजिकल ओपन काउंसिलिंग आयोजित की गई। यह प्रवेश प्रक्रिया उपलब्ध सीटों के विरूद्ध श्रेणीवार एवं स्टूडेंटस की प्रावीण्य के आधार पर हो रही है। कालेज प्रबंधन ने ऐसे सभी स्टूडेंट्स से जिन्होंने आनलाइन प्रवेश के लिए आवदेन किया है, उन्हें कालेज में आवेदन की हार्डकापी तथा आश्वयक मूल दस्तावेजों अंकसूची, स्थानांतरण प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र के साथ उपस्थित होने कहा था। इससे पूर्व साइंस कालेज में फर्स्ट सेमेस्टर में प्रवेश के लिए मेरिट आधार पर दो बार लिस्ट निकाली जा चुकी है, किन्तु उसके बाद भी अभी काफी सीटें खाली बची हुई है। साइंस कालेज में बीएससी फर्स्ट सेमेस्टर के विभिन्न ग्रुपों को मिलाकर कुल 780 सीटें हैं। इसके लिए 6 जुलाई को पहली लिस्ट और 13 जुलाई को दूसरी लिस्ट निकाली गई थी। पहली लिस्ट में 89 प्रतिशत से अधिक कटऑफ गया है। बीएससी फिजिक्टस-कंप्यूटर साइंस-मैथ्स में 89.6 प्रतिशत, बॉटनी-बायोटेक-केमेस्ट्री में 89.4 प्रतिशत, जूलॉजी-बायोटेक-केमेस्ट्री में 89.2 प्रतिशत, फिजिक्स-केमेस्ट्री-मैथ्स में 88.8 प्रतिशत, बॉटनी-माइक्रोबायो-केमेस्ट्री में 88.2 प्रतिशत, बॉटनी-जूलॉजी-केमेस्ट्री में 87 प्रतिशत कटऑफ गया था, किन्तु सेकंड लिस्ट कटऑफ डाउन हो गया था। आज सीट ओपन किए जाने के बाद 60-70 प्रतिशत सीटें भर गई है। दूसरी तरफ बिलासा गर्ल्स डिग्री कालेज जीडीसी में पहले आवो, पहले पाओ के तर्ज पर सीटें ओपन किया गया है। जीडीसी में स्नातक फर्स्ट ईयर में 1660 सीटें हैं, जिसमें लगभग 1200 सीटें भर गई है और बाकी सीटों को प्रवेश के लिए ओपन कर दिया गया है। यहां पर बीएससी समेत बीए और बीकॉम की सीटें खाली है।



## सरस्वती साइकिल योजना से बेटियों के सपनों को मिल रही नई उड़ान

**बिलासपुर।** बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल ने आज लाला लाजपत राय नगर स्थित स्वामी आत्मानंद विद्यालय एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, राजेंद्र नगर में आयोजित सरस्वती साइकिल योजना के साइकिल वितरण कार्यक्रम में शामिल होकर छात्राओं को साइकिल वितरित की। इस अवसर पर श्री। अग्रवाल ने कहा कि सरस्वती साइकिल योजना केवल छात्राओं को साइकिल उपलब्ध कराने की योजना नहीं, बल्कि बेटियों की शिक्षा, आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इससे छात्राओं के लिए विद्यालय तक पहुंच आसान होगी, उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा और वे बिना किसी बाधा के अपनी पढ़ाई जारी रख सकेंगी।

अमर अग्रवाल ने कहा कि शिक्षित और सशक्त बेटियां ही समाज और राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला हैं। उन्होंने सभी छात्राओं से मन लगाकर अध्ययन करने, अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने और जीवन में आगे बढ़कर परिवार, समाज तथा प्रदेश का नाम रोशन करने का आह्वान किया।

## सीबीजी संयंत्र ने बंद किया जोगनी नाला बरसाती पानी से 70 एकड़ फसल बर्बाद

**बिलासपुर।** सेन्दरी व कछार के बीच बहने वाले बरसाती नाला जोगनी को बंद कर देने के कारण बारिश का पूरा पानी अब किसानों के खेतों में प्रवेश कर रहा है। हालत यह है कि लगातार कई दिनों तक बारिश नहीं होने की स्थिति में भी खेत तालाब जैसे लबालब हैं। सेंदरी व कछार से बड़ी संख्या में कलेक्टर से शिकायत करने पहुंचे किसानों ने बरसाती नाला बंद करने से क्षेत्र के करीब 70 एकड़ की फसल बर्बाद होने की जानकारी दी है।

ग्राम पंचायत सेन्दरी में सी.बी.जी. संयंत्र की स्थापना की गई है, जिसमें भूमि के समतलीकरण हेतु मिट्टी की पटाई की गई है। इसके प्रभाव से क्षेत्र का बरसाती नाला जोगनी भी लगभग पाटा जा चुका है। अब हालत यह है कि बारिश के पानी की निकासी पूर्णतः बंद हो गई है और कृषकों की भूमि डुबान में नजर आ रही है। इस संबंध में किसान सुरेंद्र कश्यप ने बताया कि भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड सी.बी.जी. संयंत्र की स्थापना के पहले तक क्षेत्र में पानी की निकासी का मुख्य स्त्रोत जोगनी नाला ही था, जिसके पट जाने के बाद अब पानी की निकासी नहीं हो पा रही है और किसानों को आर्थिक हानि होगी। किसान अमित कश्यप व मयंक कश्यप ने बताया कि क्षेत्र में जल निकासी हेतु अन्य किसी प्रकार का स्त्रोत या साधन नहीं है जिससे उक्त क्षेत्र मे बाढ़ तथा जल भराव जैसी समस्या उत्पन्न होना स्वाभाविक है, जिससे ग्राम सेंदरी एवं कछार के लगभग 18 किसानों की कृषि भूमि प्रभावित हो रही है एवं यहां खेती कार्य किया जाना असम्भव होने लगा है। किसानों ने कलेक्टर से पानी निकासी हेतु उचित इंतजाम करने हेतु संबंधित विभाग को निर्देशित करने की मांग की है।

## रेशम पालन के नाम पर शासकीय राशि का दुरुपयोग

**बिलासपुर।** कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज जिला कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में लोगों की समस्याएं सुनी। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों ने उनसे मिलकर निजी एवं सामुदायिक शिकायत संबंधी आवेदन दिया। उन्होंने अधिकांश मामलों में मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को परीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में मस्तुरी क्षेत्र के ग्राम पंचायत दर्रभांठा के सरपंच ने बताया कि शासकीय भूमि पर संचालित रेशम पालन के नाम पर शासकीय राशि का दुरुपयोग किया जा रहा है। आवेदन में वर्तमान संचालक समूह एवं एक व्यक्ति पर पिछले कई वर्षों से अलग-अलग खातों में सरकारी राशि डालकर लाखों रुपए के दुरुपयोग करने की बात कहीं गई। ग्राम बाम्हू खैरा के दिव्यांग चंदन कुमार ने अपने घर के समीप स्थित शासकीय तालाब में मत्स्य पालन की अनुमति देने की मांग की।

**एजुकेशन प्लस**

## नीट यूजी में एलन के इशांत की 2882 व गुलशन की 3518 रैंक

**बिलासपुर।** मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी 2026 का रिजल्ट घोषित कर दिया। इसमें एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट बिलासपुर के स्टूडेंट्स ने एक बार फिर श्रेष्ठता साबित की है। एलन बिलासपुर के क्लासरूम स्टूडेंट इशांत कौशिक ने आल इंडिया रैंक 2882 और गुलशन साहू ने एआईआर 3518, कैवल्य चंदेल ने 15200, जीशान अलम ने एआईआर 15684, शौर्य माँझी ने ए आ ई आ र 17450 एवं वृद्धि छाबरा 24905 रैंक हासिल की है।





एलन बिलासपुर के सेंटर हेड शुभम नंदवाना ने बताया कि एलन बिलासपुर से टॉप 5000 में दो एवं टॉप 25000 में 6 और टॉप 80000 में 18 स्टूडेंट्स शामिल हैं। इसी तरह एलन छत्तीसगढ़ से टॉप-200 में दो एवं टॉप 5000 में 20 स्टूडेंट्स हैं। उन्होंने बताया कि नेशनल रिजल्ट्स में आर्यन गुप्ता और पंशुल बंसल ने संयुक्त रूप से 720 में से 715 अंक हासिल किए हैं। टाइब्रेकर रूल के आधार पर आर्यन गुप्ता को आल इंडिया रैंक 1 और पंशुल बंसल को आल इंडिया रैंक 2 घोषित किया गया है। पंशुल बंसल एलन के दो साल से रेगुलर क्लासरूम स्टूडेंट हैं तथा आर्यन गुप्ता एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट से डिस्टेंस लर्निंग से जुड़े हैं। एलन क्लासरूम छात्र आयुष भालोटिया ने 710 अंक प्राप्त कर आल इंडिया रैंक-4 हासिल की है। एलन आनलाइन टेस्ट सीरीज के स्टूडेंट आर्यन दुबे ने एआईआर-7, वहीं एलन क्लासरूम स्टूडेंट गौरव सिंह आल इंडिया रैंक-9 हासिल की है। एलन के सीईओ नितिन कुकरेजा ने सभी स्टूडेंट्स और उनके परिवारजनों को बधाई दी है। अब तक के परिणामों में टॉप-10 में 5, टॉप-20 में 10, टॉप-50 में 23 और टॉप-100 में 46 स्टूडेंट्स एलन से हैं। इसमें 36 स्टूडेंट्स क्लासरूम हैं, इनमें से एक आनलाइन लाइव क्लास से तथा 10 स्टूडेंट्स डिस्टेंस लर्निंग व आनलाइन टेस्ट सीरीज से हैं।

एनटीए ने 690 एवं अधिक अंक वाले टॉप-138 स्टूडेंट्स की लिस्ट प्रेस रिलीज में जारी की है, इसमें 63 स्टूडेंट्स एलन से हैं। इसमें 50 क्लासरूम प्रोग्राम है, जिनमें एक आनलाइन लाइव क्लासरूम से तथा 13 डिस्टेंस लर्निंग व आनलाइन टेस्ट सीरीज से है।

**विवि में लाइव लैब और वर्चुअल लैब की सुविधा उपलब्ध**

# सीवीआरयू में आधुनिक तकनीक से विज्ञान शिक्षा को नई दिशा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बदलती तकनीकी जरूरतों और रोजगारोन्मुख शिक्षा को ध्यान में रखते हुए डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय में पारंपरिक विषयों के साथ आधुनिक और कौशल आधारित पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं।

भौतिकी, रसायन विज्ञान, गणित, वनस्पति विज्ञान, प्राणी विज्ञान, जैव प्रौद्योगिकी और लाइफ साइंस में स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर की शिक्षा के साथ साइबर सिक्योरिटी और डाटा साइंस जैसे उभरते क्षेत्रों पर भी जोर दिया जा रहा है। विश्वविद्यालय में अत्याधुनिक उपकरणों से सुसज्जित प्रयोगशालाओं के साथ लाइव लैब और वर्चुअल लैब की सुविधा उपलब्ध है। इससे विद्यार्थी वैज्ञानिक प्रयोगों का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने के साथ आधुनिक तकनीकों को समझ रहे हैं।



### आई-स्टेम के साथ अनुबंध किया

कुलसचिव डॉ. अरविंद कुमार तिवारी ने बताया कि विश्वविद्यालय ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी शिक्षा को वैश्विक स्तर के अनुरूप विकसित करने के लिए आई-स्टेम के साथ अनुबंध किया है। इससे विद्यार्थियों और शोधार्थियों को उन्नत वैज्ञानिक उपकरणों और अनुसंधान सुविधाओं तक पहुंच मिल रही है। विज्ञान संकाय में एबिलिटी एनहैंसमेंट कोर्स के माध्यम से संचार कौशल, वैज्ञानिक लेखन, अनुसंधान पद्धति, समस्या समाधान और डिजिटल दक्षता विकसित की जा रही है। नई शिक्षा नीति के अनुरूप स्नातक पाठ्यक्रमों में एआई को शामिल किया गया है। सामाजिक विज्ञान के विद्यार्थियों के लिए भी एआई आधारित पाठ्यक्रम शुरू किए जा रहे हैं।

### सीवीआरयू ने किया संस्थाओं से एमओयू

विश्वविद्यालय ने आईबीएम, नैसकॉम और आईआईबीएफ के साथ एमओयू किया है। गूगल सर्टिफाइड कैंपस भी है। कुलपति प्रो. प्रदीप कुमार घोष ने कहा कि इन सहयोगों से विद्यार्थियों को एआई, क्लाउड, साइबर सुरक्षा और डाटा विश्लेषण सहित उद्योगोन्मुख प्रशिक्षण और प्रमाणपत्र प्राप्त करने के अवसर मिल रहे हैं। आधुनिक शिक्षा और अनुसंधान के समन्वय से विद्यार्थी भविष्य की रोजगार आवश्यकताओं के लिए तैयार हो रहे हैं।

## श्री पद्माक्षी ग्लोबल स्कूल में विद्यार्थियों ने सीखे जीवनरक्षक सीपीआर के गुण



**बिलासपुर।** श्री पद्माक्षी ग्लोबल स्कूल में शाला के डायरेक्टर डॉ. विनोद तिवारी एवं डॉ. संजना तिवारी के मार्गदर्शन तथा विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती श्वेता सिंह के नेतृत्व में विद्यार्थियों के लिए सीपीआर प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

प्रशिक्षण डॉ. अभिषेक कालवानी, डॉ. अमर सिंह ठाकुर, डॉ. निखिल एस. केडिया तथा डॉ. निकिता अग्रवाल द्वारा प्रदान किया गया। विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को आपातकालीन परिस्थितियों में सीपीआर की सही तकनीक का व्यावहारिक प्रशिक्षण देते हुए जीवन बचाने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका से अवगत कराया। कार्यक्रम ने विद्यार्थियों में सेवा, जागरूकता और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को भी सुदृढ़ किया।

बिलासपुर, बुधवार 22 जुलाई 2026

हरिभूमि लाइव

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255



आयोजन

## संकीर्तन महोत्सव में मनमोहक झांकियां, मृदंग-कीर्तन, राजभोग



**बिलासपुर।** अखंड हरिनाम संकीर्तन महोत्सव का दूसरा दिन है, भगवान श्री राधा-कृष्ण, गुरुदेव एवं संतों की असीम कृपा से यह पावन आयोजन अपने दसवें वर्ष में प्रवेश कर चुका है। वृंदावन की परंपरा के अनुरूप अखंड नाम संकीर्तन, मनमोहक झांकियां, मृदंग-कीर्तन, राजभोग, आरती एवं दिव्य भक्ति का अद्भुत वातावरण सभी श्रद्धालुओं को आनंदित कर रहा है। बरसाना की फूल बंगला झांकी, राधा अष्टमी उत्सव तथा कमल श्रृंगार की विशेष झलकियां आकर्षण का केंद्र हैं। पूरे बिलासपुर से श्रद्धालु अपने परिवार सहित इस भक्ति महोत्सव में सम्मिलित होकर दिव्य आनंद का अनुभव कर रहे हैं। इस अद्भुत अखंड हरिनाम संकीर्तन में सहभागिता करें और भक्ति की इस पावन गंगा में डुबकी लगाकर अपने जीवन को धन्य बनाएं।

# 25 से शुरू होगा चातुर्मास, चार माह तक मांगलिक कार्यों पर रहेगी रोक

आषाढ़ शुक्ल पक्ष की देवशयनी एकादशी के साथ 25 जुलाई से चातुर्मास का शुभारंभ होगा। इस दिन से भगवान श्रीहरि विष्णु क्षीरसागर में योगनिद्रा में चले जाएंगे। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार अगले चार माह तक सृष्टि के संचालन की जिम्मेदारी भगवान शिव के हाथों में रहेगी। चातुर्मास का समापन 20 नवंबर को देवोत्थान एकादशी के दिन होगा, जब भगवान विष्णु योगनिद्रा से जागेंगे। सनातन धर्म में चातुर्मास को साधना, तप, जप, दान और आत्मचिंतन का विशेष काल माना गया है। इस दौरान विवाह, गृह प्रवेश, मुंडन, यज्ञोपवीत, नए भवन का शुभारंभ तथा अन्य मांगलिक और वैवाहिक कार्य नहीं किए जाते। हालांकि पूजा-पाठ, व्रत, भजन-कीर्तन, कथा, सत्संग, दान-पुण्य और धार्मिक अनुष्ठान पूरे चार माह तक जारी रहते हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



ज्योतिषाचार्य संजय पांडे के अनुसार इस वर्ष चातुर्मास का प्रारंभ शुभ योगों में हो रहा है। धार्मिक दृष्टि से यह समय भगवान विष्णु की आराधना के साथ-साथ भगवान शिव की उपासना के लिए भी अत्यंत फलदायी माना गया है।

सावन और भाद्रपद के महीने चातुर्मास के भीतर ही पड़ने के कारण शिवालयों में जलाभिषेक, रुद्राभिषेक, महामृत्युंजय जाप और विशेष पूजन का आयोजन होगा। वहीं जन्माष्टमी, रक्षाबंधन, गणेश चतुर्थी, हरितालिका तीज, अनंत चतुर्दशी, पितृपक्ष, शारदीय नवरात्र, विजयादशमी, दीपावली और छठ महापर्व जैसे प्रमुख पर्व भी इसी अवधि में मनाए जाएंगे।

धार्मिक मान्यता है कि चातुर्मास के दौरान संत-महात्मा भी एक स्थान पर रहकर साधना, प्रवचन और धर्मोपदेश करते हैं। श्रद्धालु इन चार महीनों में अधिक से अधिक समय पूजा-अर्चना, व्रत, सत्संग और सेवा कार्यों में लगाते हैं। पुराणों में इस अवधि को आत्मसंयम और आध्यात्मिक उन्नति का सर्वोत्तम समय बताया गया है।

### देवशयनी एकादशी पर बनेगा त्रिवेणी संयोग

ज्योतिषाचार्यों के अनुसार, इस बार देवशयनी एकादशी के दिन सर्वार्थ सिद्धि योग, अमृत सिद्धि योग और रवि योग का दुर्लभ संयोग बन रहा है। इस शुभ अवसर पर मंदिरों में भगवान विष्णु का विशेष पूजन, विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ और भजन-कीर्तन आयोजित किए जाएंगे।

### 121 दिन तक नहीं होंगे मांगलिक कार्य

चातुर्मास के दौरान विवाह, गृह प्रवेश, उपनयन संस्कार, मुंडन और अन्य शुभ मांगलिक कार्य वर्जित माने जाते हैं। इस समय को आध्यात्मिक साधना, व्रत और भक्ति के लिए सबसे उत्तम माना जाता है।

### इस वर्ष नंबवर व दिसंबर में होगी शादियां

विवाह के शुभ मुहूर्त हिंदू धर्म में विवाह को जीवन के सबसे पवित्र और महत्वपूर्ण संस्कारों में से एक माना गया है। इसलिए विवाह के लिए शुभ मुहूर्त का विशेष महत्व बताया गया है। नवंबर 2026 में विवाह के शुभमुहूर्त 20, 21, 24, 25, 26 और 30 नवंबर को हैं। वहीं दिसंबर 2026 में 1, 2, 3, 5, 7, 9, 11 और 12 दिसंबर को विवाह के लिए शुभ तिथियां निर्धारित हैं।

धर्म-क्षेत्र

## आर्यिका 105 अचलमति माताजी ससंघ का शहर में मंगल पदार्पण



**बिलासपुर।** संत शिरोमणि आचार्य 108 विद्यासागर महाराज की परम प्रभावक शिष्या एवं नवाचार्य 108 श्री समय सागरजी महाराज की आज्ञानुवर्ती परम पूज्य आर्यिका 105 श्री अकम्पमति माताजी, परम पूज्य आर्यिका 105 अचलमति माताजी ससंघ का अमरकंटक से विहार करते हुए बिलासपुर नगर में मंगल आगमन हुआ। पूज्य माताजी के आगमन पर सकल जैन समाज द्वारा भव्य शोभायात्रा निकालकर भावभीनी अगवानी की गई। श्रावक-श्राविकाओं ने जयकारों के साथ शोभायात्रा में उत्साहपूर्वक भाग लिया। नगर में धर्म प्रभावना का अद्भुत दृश्य देखने को मिला।

कार्यक्रम

## लेखिका शैली की पुस्तक का विमोचन

**बिलासपुर।** व्यापार विहार में आज एक समारोह के दौरान युवा लेखिका व समाज सेविका शिवांगी सिंह यादव 'शैली' की बहुचर्चित पुस्तक का लोकार्पण किया गया। यह कार्यक्रम हरिहर ऑक्सीजोन के संरक्षक अनिल टाह, डॉ विनोद तिवारी, रूपेश मिश्रा, रेखा मदन, मोहन गुल्ला, डॉ अन्नपूर्णा शंकर यादव, संजय वर्मा की उपस्थिति में हुआ। पुस्तक का प्रकाशन इंकसाइट पब्लिशर्स, बिलासपुर द्वारा किया गया है। यह पुस्तक समाज में पुरुषों की उन भावनात्मक चुनौतियों और मौन संघर्षों को सामने लाती है, जिन पर अक्सर खुलकर चर्चा नहीं होती। लेखिका ने संवेदनशील और सहज भाषा के माध्यम से यह बताने का प्रयास किया है कि पुरुष रोते नहीं जैसी धारणाएँ किस प्रकार उन्हें अपनी भावनाओं को दबाने के लिए विवश करती हैं। यह पुस्तक केवल पुरुषों की पीड़ा को व्यक्त नहीं करती, बल्कि समाज को उनके भावनात्मक पक्ष को समझने और स्वीकार करने का संदेश भी देती है।

# गुप्त नवरात्रि पर श्रद्धा एवं विधि-विधान से हवन-पूजन

**बिलासपुर।** आषाढ़ गुप्त नवरात्रि के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं ने माता भगवती की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर सुख, समृद्धि और विश्व कल्याण की कामना की। इस अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन-पूजन संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने आहुतियां अर्पित कर धार्मिक अनुष्ठान में सहभागिता निभाई। पूजन के दौरान देवी के विभिन्न स्वरूपों का स्मरण करते हुए विशेष आराधना की गई।

आचार्यों ने वैदिक रीति से हवन संपन्न कराया तथा श्रद्धालुओं को गुप्त नवरात्रि के आध्यात्मिक महत्व की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गुप्त नवरात्रि तंत्र, मंत्र एवं साधना की दृष्टि से विशेष फलदायी मानी जाती है। हवन की पूर्णाहुति के बाद माता की महाआरती की गई और सभी श्रद्धालुओं में प्रसाद का



वितरण किया गया। पूरे आयोजन के दौरान भक्तिमय वातावरण बना रहा तथा श्रद्धालुओं ने परिवार की सुख-शांति, समृद्धि और देश की उन्नति के लिए प्रार्थना की। श्री नव दुर्गा शक्तिपीठ मंदिर जरहाभाठा में गुप्त नवरात्रि की अष्टमी के अवसर पर हवन पूजन का आयोजन किया गया। संरक्षक बृजभान सिंह ठाकुर एवं अध्यक्ष ओंकार प्रसाद साजवानी ने बताया कि नवदुर्गा शक्तिपीठ मंदिर जरहाभाठा नगर के भक्तजनों एवं श्रद्धालुओं की आस्था का एक प्रमुख केंद्र है। यहां



नित्य प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण मंदिर परिसर में विराजित माँ भगवती माता वैष्णव देवी की अखण्ड ज्योति व शिव परिवार एवं श्रीहनुमान महाराज की पूजा अर्चना नियमित रूप से आते हैं।

### महानवमी पर पूजन व कन्याभोज

आषाढ़ गुप्त नवरात्रि के समापन अवसर पर महानवमी के दिन विशेष धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रातःकाल माता भगवती का विधि-विधान से पूजन एवं श्रृंगार किया जाएगा। इसके बाद वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन-पूजन संपन्न होगा, जिसमें श्रद्धालु आहुतियां अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि एवं मंगलकामना करेंगे। धार्मिक अनुष्ठानों के उपरांत कन्या पूजन का आयोजन किया जाएगा। इसमें बालिकाओं को मां दुर्गा का स्वरूप मानकर उनका पूजन किया जाएगा तथा उन्हें भोजन कराकर उपहार एवं दक्षिणा भेंट की जाएगी। आयोजन समिति ने अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में शामिल होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

### पीतांबरा पीठ में विशेष पूजन



सरकंडा स्थित श्री पीतांबरा पीठ त्रिदेव मंदिर में गुप्त नवरात्रि की अष्टमी तिथि पर श्री ब्रह्मशक्ति माँ बगलामुखी देवी का विशेष पूजन, स्वर्ण-पीत श्रृंगार, गुप्त महाआराधना एवं हवनात्मक महायज्ञ आयोजित किया गया। श्री पीतांबरा हवनात्मक महायज्ञ में अष्टमी के अवसर पर विशेष आहुतियाँ अर्पित की जिसके पश्चात भव्य महाआरती की गई। आचार्य डॉ दिनेश महाराज ने बताया कि सतयुग में एक बार भीषण प्रलयंकारी तूफान से संपूर्ण सृष्टि संकट में पड़ गई थी। सृष्टि की रक्षा के लिए भगवान हरि विष्णु ने सौराष्ट्र स्थित हरिद्रा सरोवर के तट पर आदिशक्ति की कठोर तपस्या की। भगवान श्री हरि विष्णु की तपस्या से प्रसन्न होकर महात्रिपुरसुंदरी के हृदय से पीतवर्ण, जलवेष्टित दिव्य स्वरूप में माँ बगलामुखी देवी प्रकट हुईं। माता ने अपनी दिव्य स्तंभन शक्ति से उस प्रलयंकारी तूफान को तत्काल शांत कर ब्रह्मांड की रक्षा की। इसी कारण जनमानस में यह मान्यता है कि माँ बगलामुखी की सर्वप्रथम आराधना स्वयं भगवान श्री हरि विष्णु ने की तथा उनसे ब्रह्मास्त्र स्वरूप स्तंभन विद्या प्राप्त की। आचार्य डॉ दिनेश महाराज ने बताया कि भगवान हरि विष्णु के पश्चात यह महाविद्या ब्रह्मा को प्राप्त हुई। ब्रह्मा से यह ज्ञान सनत्कुमारों, देवर्षि नारद तथा भगवान विष्णु के अंशावतार भगवान परशुराम तक पहुँचा। महाभारत काल में आचार्य द्रोणाचार्य ने भी भगवान परशुराम से इस महाविद्या की साधना कर युद्ध कौशल एवं शास्त्रबल में सिद्धि प्राप्त की।

## मन पर विजय ही जीवन की सबसे बड़ी जीत

**बिलासपुर।** ब्रह्माकुमारीज़ के शिव अनुराग भवन में चल रहे सकारात्मक चिंतन की क्लास में ब्रह्माकुमारी मंजू दीदी ने कहा कि ₹मन जीते जगत जीत₹ केवल आध्यात्मिक सिद्धांत नहीं, बल्कि जीवन में सफलता, शांति और आत्मिक शक्ति प्राप्त करने की सर्वोत्तम कुंजी है। जब मन हमारे नियंत्रण में होता है, तब परिस्थितियां भी हमें विचलित नहीं कर पातीं। उन्होंने कहा कि आत्मा मन की मालिक है, इसलिए मन को व्यर्थ संकल्पों में भटकने देने के बजाय श्रेष्ठ संकल्पों की दिशा में चलाने का निरंतर अभ्यास आवश्यक है। नियमित राजयोग, ज्ञान मुरली अध्ययन और परमात्म स्मृति से मन एकाग्र होता है तथा जीवनमुक्त स्थिति का अनुभव सहज होने लगता है।



व्यर्थ संकल्पों पर लगाएं पूर्ण विराम

मंजू दीदी ने कहा कि वर्तमान समय में मोबाइल और सोशल मीडिया मन को बार-बार भटकाते हैं। इसलिए तकनीक का उपयोग ज्ञान और आत्मउन्नति के लिए करें, न कि व्यर्थ विचारों में उलझने के लिए। उन्होंने कहा कि जिसका मुरली से प्रेम है, उसका मुरलीधर से भी सच्चा प्रेम है, इसलिए प्रतिदिन मुरली का अध्ययन और उस पर चिंतन जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाता है। उन्होंने वरदान का संदेश देते हुए कहा कि सच्चाई और सफाई की धारणा से ही दिलों की समीपता बढ़ती है तथा बिगड़े हुए को सुधारना सबसे बड़ी सेवा है। आपसी मतभेदों को समाप्त कर प्रेम, सहयोग और शुभभावना के साथ संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया।

# एसईसीएल ने एक ही दिन में 15 हजार पौधों का किया रोपण



### एक ही दिन में रिकॉर्ड 3 लाख से अधिक पौधे लगाने जा रहा है एसईसीएल

**बिलासपुर।** पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के निर्माण की दिशा में कोल इंडिया लिमिटेड द्वारा मंगलवार को एक ही दिन में सर्वाधिक पौधारोपण कर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड स्थापित करने के राष्ट्रव्यापी अभियान के अंतर्गत साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड ने कोनी स्थित नवीन कमिश्नर कार्यालय के पीछे 1.5 हेक्टेयर क्षेत्र में मियावाकी पद्धति से 15 हजार पौधों का वृहद् वृक्षारोपण किया। यह परियोजना संभवतः बिलासपुर शहर की पहली मियावाकी वन परियोजना है, जिसे एसईसीएल द्वारा विकसित किया जा रहा है। मियावाकी तकनीक के माध्यम से विकसित होने वाला यह सघन शहरी वन आने वाले वर्षों में जैव विविधता के संवर्धन, हरित आवरण में वृद्धि तथा स्थानीय पर्यावरण को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। पौधरोपण कार्यक्रम में एसईसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक हरीश दुहन, बिलासपुर संभाग के आयुक्त सुनील कुमार जैन, एसईसीएल के निदेशक बिरंची दास, निदेशक डी सुनील कुमार, सीवीओ हिमांशु जैन, निदेशक तकनीकी रमेश चन्द्र महापात्र, कोल इंडिया लिमिटेड के कार्यपालक निदेशक के. राजशेखर, महाप्रबंधक संजय सिन्हा, सहित कंपनी के विभागाध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण तथा जनभागीदारी के महत्व का संदेश दिया। इस अवसर पर एसईसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक हरीश दुहन ने कहा, पर्यावरण संरक्षण केवल एक दायित्व नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। मियावाकी पद्धति से विकसित किए जा रहे ऐसे



सघन वन न केवल हरित आवरण बढ़ाने में सहायक होंगे, बल्कि जैव विविधता संरक्षण, पारिस्थितिक संतुलन तथा जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। कोल इंडिया के इस गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड अभियान के अंतर्गत सभी अनुषंगी कंपनियों में वृहद स्तर पर पौधरोपन किया जा रहा है। इसी क्रम में एसईसीएल द्वारा अपने विभिन्न परिचालन क्षेत्रों में कुल 3 लाख 20 हजार से अधिक पौधों का रोपण किया जा रहा है।

# अग्रवाल समाज ने लिया हरियाली संकल्प



### पूरे राज्य में किया जाएगा वृहद पौधरोपण

बढ़ते प्रदूषण और लगातार घटती हरियाली के बीच रविवार को मेंटल हास्पिटल सेंदरी परिसर में अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन की जिला इकाई के नेतृत्व में आयोजित वृहद पौधरोपण कार्यक्रम में प्रशासन, समाज और युवाओं ने एक साथ पौधे रोपकर हरित भविष्य का संकल्प लिया। इसी के साथ अग्रवाल महासभा ने पूरे प्रदेश में एक साथ महावृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ किया। कार्यक्रम रविवार को मेंटल हास्पिटल सेंदरी परिसर में उत्साह और सामाजिक प्रतिबद्धता के साथ सम्पन्न हुआ। इस अभियान में मुख्य अतिथि कलेक्टर संजय अग्रवाल (आईएएस) तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। दोनों अधिकारियों ने कहा कि प्रकृति का संतुलन बनाए रखने के लिए जनभागीदारी सबसे बड़ी ताकत है। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष अनिल अग्रवाल, जिला महामंत्री नितिन बेरीवाल, प्रदेश प्रभारी ईश्वर जी अग्रवाल, प्रदेश अध्यक्ष रामअवतार अग्रवाल, प्रदेश महामंत्री महेश अग्रवाल तथा कर्त्तव्य अग्रवाल सहित समाज के अनेक पदाधिकारी, युवा, महिलाएं और नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने केवल पौधे लगाने तक सीमित न रहकर उनकी नियमित देखरेख का भी संकल्प लिया। आयोजन में छायादार एवं फलदार पौधों के रोपण के साथ लोगों को जल, जंगल और जमीन के संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। प्रदेश युवा महामंत्री दीपक अग्रवाल ने बताया कि संगठन आने वाले समय में भी इसी तरह के जनहित और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े अभियान लगातार चलाता रहेगा। इस मौके पर कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसएसपी रजनेश सिंह, रामअवतार अग्रवाल, किशन बुधिया, सुरेन्द्र



अग्रवाल,राम अवतार अग्रवाल, रामू हरि बुधिया, आशा अग्रवाल, अनिल अग्रवाल गुड़ाखू, नितिन बेरीवाल, भोला राम मित्तल, सुनील अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, विनय बंसल, आनंद अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, अरविंद अग्रवाल, पुरुषोत्तम सुल्तानिया, विमल सी.ए.,उत्तम अग्रवाल,मोती सुल्तानिया,सुनील सोनथालिया, राजू केड़िया,आर. के. अग्रवाल डॉ. जे. पी. आर्य,आशीष अग्रवाल, संध्या अग्रवाल, रंजना अग्रवाल, प्रियंका अग्रवाल, विनीत मित्तल, अमित लोहिया, बजरंग लोहिया मौजूद थे।

कार्नर न्यूज



## श्री स्पेशल केयर सेंटर में पर्यावरण संरक्षण का संदेश

श्री स्पेशल केयर सेंटर में पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विशेष बच्चों द्वारा उत्साहपूर्वक पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर बच्चों ने विभिन्न प्रकार के पौधे लगाकर प्रकृति के प्रति अपने प्रेम और जिम्मेदारी का सुंदर संदेश दिया। कार्यक्रम का मार्गदर्शन संस्था की संस्थापक डॉ. सुजाता बाजपेई मैडम के प्रेरणादायी नेतृत्व में हुआ। कार्यक्रम में प्राचार्य शिवानी विठालकर ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि प्रत्येक पौधा हमारे उज्ज्वल भविष्य की नींव है और हमें इसकी देखभाल का संकल्प लेना चाहिए।

इस अवसर पर संस्था में कार्यरत विशेष शिक्षक एवं शिक्षिकाएँ पदमा शिवणकर, आरती मैडम, नीमा मानेश्वर, ज्योति यादव, वर्षा कोरी , स्पीच थैरेपिस्ट चंचल शर्मा, फिजियोथैरेपिस्ट डॉ विजय श्री एवं उमेश नवरंग सर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य विशेष बच्चों में प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता, सामाजिक उत्तरदायित्व तथा पर्यावरण संरक्षण की भावना विकसित करना था।

## छत्तीसगढ़ डायोसिस बोर्ड द्वारा पौधरोपण

छत्तीसगढ़ डायोसिस बोर्ड ऑफ एजुकेशन द्वारा निर्धारित वार्षिक कार्यक्रम के अंतर्गत एक पेड़ एक जीवन अभियान के तहत बर्गेस इंग्लिश हायर सेकेंडरी स्कूल एवं बर्गेस मेमोरियल कन्या उत्तर माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में 100 पौधों का पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ डायोसिस बोर्ड ऑफ एजुकेशन की अध्यक्ष सुषमा कुमार ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक सामाजिक दायित्व नहीं, बल्कि मानव जीवन की आवश्यकता है। वृक्ष हमें ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, जो प्रत्येक मनुष्य के जीवन का आधार है। ऑक्सीजन के बिना मनुष्य कुछ ही मिनटों तक जीवित रह सकता है। इसलिए अधिक से अधिक वृक्ष लगाना और उनका संरक्षण करना प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि आज लगाया गया प्रत्येक पौधा आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित, स्वस्थ और हरित



भविष्य की नींव है। कार्यक्रम में बोर्ड के उपाध्यक्ष नितिन लॉरेंस, सचिव जयदीप रॉबिन्सन, डायोसिस के उपाध्यक्ष रेव समीर फ्रैंकलिन, विल्सन लाल, स्मिता बक्श, संदीप मसीह, मनीष जॉर्ज, प्रखर पटेल, रेव. पॉल, तनुजा पॉल, मिशन स्कूल बिलासपुर के प्राचार्यगण, बर्गेस इंग्लिश एवं हिन्दी मीडियम स्कूल के प्राचार्य डॉ संगम शुक्ला, पर्यावरणविद् अक्षय अलकारी, विद्यालय के समस्त शिक्षकगण एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ संगम शुक्ला के नेतृत्व तथा विद्यालय परिवार, शिक्षकों एवं कर्मचारियों का सहयोग अत्यंत सराहनीय रहा। अंत में छत्तीसगढ़ डायोसिस बोर्ड ऑफ एजुकेशन ने सभी अतिथियों, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त करते हुए समाज से अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने की अपील की।



## पर्यावरण के अंतर्गत कपड़े की थैलियां का वितरण

लायंस क्लब इंटरनेशनल वसुंधरा ने पर्यावरण संरक्षण के अंतर्गत शनिचरी मार्केट में फल वालों एवं सब्जी वालों तथा थोक कपड़ा व्यापारियों को कपड़े की थैलियों का वितरण किया गया।

जिसमें रीजन चेयरपर्सन अर्चना तिवारी, जोन चेयरपर्सन रश्मि लता मिश्रा, अध्यक्ष संजना मिश्रा, सचिव मंजू मिश्रा, कोषाध्यक्ष गायत्री कश्यप ,उपाध्यक्ष मंगला कदम ,क्लब डायरेक्टर सलमा बेगम, उषा मुदलियार किरण बाजपेई ने उपस्थित होकर थैली वितरण कर यह संदेश दिया। वर्तमान में स्वास्थ्य को देखते हुए एवं पर्यावरण एवं जल संरक्षण के अंतर्गत प्लास्टिक थैलियां का उपयोग बिलकुल भी बंद होना चाहिए क्योंकि इससे पर्यावरण तो प्रदूषित होता ही है, साथ ही राह में घूमने वाले जानवर भी इसके दुष्प्रभाव से नहीं बचते इसलिए पूरे शनीचरी मार्केट में वसुंधरा क्लब ने सभी को यह संदेश दिया कि वह बिल्कुल भी सामान पन्नी में ना दें कपड़े की थैलियां में ही दे और इसके साथ ही साथ अपने ग्राहकों को भी इस बात के लिए वे जागरूक किया।

## खबर संक्षेप

### कांग्रेसी आज करेंगे धरना प्रदर्शन

**तखतपुर।** पॉलिटेक्निक कॉलेज में बिना कार्यक्रम के 24 लाख 77 हजार रूपए के टेंट के बिल लगाए जाने की जांच एवं संबंधित व्यापारी, अधिकारी, कर्मचारी एवं जिम्मेदार व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग करने के सम्बंध में 22 जुलाई को प्रातः 11:00 बजे पुराना बस स्टैंड, तखतपुर में धरना प्रदर्शन किया जाएगा। जिसमें शामिल होने की अपील नगर कांग्रेस अध्यक्ष शैलेंद्र निर्मलकर, ब्लॉक अध्यक्ष अभ्यूदय तिवारी, अमित साहू ने दी।

### वंदना ने 98% अंक प्राप्त कर बनाई मेरिट सूची में जगह

**बिलासपुर।** डिजिटल स्मार्ट क्लासेस चकरभाठा की



छात्रा वंदना कौशिक ने कक्षा 10वीं में 98% अंक प्राप्त कर राज्य में मेरिट सूची में जगह बनाई है। री-वैल्यूएशन के बाद वंदना कौशिक को 98% अंक प्राप्त हुए हैं। संस्था के संचालक इंजीनियर राकेश कौशिक ने वंदना कौशिक को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इंजी राकेश कौशिक ने बताया कि इस वर्ष उनके कोचिंग के लगभग सभी बच्चों का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। लगातार क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। इस सत्र के बच्चों को अच्छे से मार्गदर्शन भी दिया जा रहा है।

### पल्लवी का राष्ट्रीयकृत छात्रवृत्ति परीक्षा में चयन

**बेलतरा।** शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शाला की



8वीं की छात्रा पल्लवी सूर्यवंशी का राष्ट्रीय साधन सह-प्रावीण्य परीक्षा की राष्ट्रीयकृत छात्रवृत्ति परीक्षा में चयन हुआ है। इस राष्ट्रीय छात्रवृत्ति परीक्षा भारत सरकार द्वारा चलाई जाने वाली एक राष्ट्रीय छात्रवृत्ति योजना है। पल्लवी को अनिरुद्ध तिवारी, मंजू चंद्राकर, स्मिता शर्मा, संतोष केशरवानी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। ग्रामीण क्षेत्र की छात्रा का चयन होने पर शाला में छात्रा का सम्मान किया गया। सम्मान समारोह में जनपद सदस्य कमला विजय साहू, सरपंच, उपसरपंच, पंच, सीएसी शाला स्टॉफ व एसएमसी के सदस्य मौजूद थे।

### किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक बने विनय

**लोरमी।** प्रदेश साहू संघ ने अपने कार्यकारिणी का विस्तार



करते हुए विनय साहू को प्रदेश सहसंयोजक, किसान प्रकोष्ठ की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। विनय साहू का सामाजिक जीवन लंबे समय से सक्रिय रहा है। वे पूर्व में अध्यक्ष, साहू युवा प्रकोष्ठ तहसील , पूर्व सचिव, तहसील साहू संघ ,जैसे कई विभिन्न दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर चुके हैं। अपनी नियुक्ति पर विनय साहू ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने जो विश्वास उन पर जताया है, उस पर वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगे तथा समाजहित और किसान हित में निरंतर कार्य करते रहेंगे।

### बसीन एवं मदकू हाई स्कूल में साइकिल वितरण

**बिल्हा।** हाई स्कूल बसीन एवं मदकू में मुख्यमंत्री निःशुल्क सरस्वती साइकिल वितरण, न्योता भोज, पौधरोपण एवं अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष, पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष धरमलाल कौशिक मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। विद्यालय परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली बढ़ाने का संदेश भी दिया। इस अवसर पर कैलाश सिंह ठाकुर, पोषण यादव, अंबालिका साहू, परमानंद साहू, रामकुमार कौशिक, भोजराम वर्मा, मनीष साहू, गोवर्धन साहू, ग्राम सरपंच बसीन सोहित साहू, ग्राम सरपंच मदकू विमला, सुनील साहू तथा विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रतिभा मंडोलिया सहित जनप्रतिनिधि, शिक्षक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### समाज में शिकायत करने पर पिता ने पुत्र से की मारपीट

**तखतपुर।** समाज में शिकायत करने की बात को लेकर पिता ने अपने पुत्र के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 115,2 296, 3,5 351,3 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया है। सूत्रों के अनुसार गुनसरी निवासी बलवंत सोनवानी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 20 जुलाई की रात 8 बजे वह तखतपुर से घर जा रहा था ।

## निधन



### जानकी परवार

**बिलासपुर।** कृषि विभाग में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी के पद पर पदस्थ देवरीखुर्द निवासी जानकी परवार का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 22 जुलाई को तोरवा स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे शंकर लाल परवार की पत्नी थीं।



### राजेश पाटनवर

**बिलासपुर।** जबड़ापारा सरकंडा निवासी राजेश पाटनवर का 21 जुलाई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 22 जुलाई को सरकंडा मुक्तिधाम में सुबह 11 बजे किया जाएगा। वे लक्की, मधु पाटनवर के पिता और मनीषा पाटनवर के पति, प्रमोद, कमलकिशोर, वीरेंद्र पाटनवर के भाई थे।



### तिरीथराम घृतलहरे

**बिलासपुर।** ग्राम भरनी तहसील सकरी निवासी तिरीथराम घृतलहरे का 16 जुलाई को निधन हो गया। वे पं. उमादत्त घिलहरे राजमहंत के छोटे भाई एवं पांचोबाई के पति, चंद्रवती, चंद्रप्रभा, आसना, उमाशंकर, अंकिता, संगीता, घृतलहरे के पिता थे।



### सुकवारा बाई केंवट

**तखतपुर।** ग्राम सागर निवासी सुकवारा बाई केंवट 75 वर्ष का 20 जुलाई को निधन हो गया। वे हीरालाल केंवट की पत्नी, दिलीप केंवट, राजकुमार गौवतरिहा की मां थीं।

# नवापारा स्कूल के जर्जर भवन को किया डिस्मेंटल

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

कलेक्टर कुन्दन कुमार ने जिले के जर्जर स्कूल एवं आंगनबाड़ी भवनों को चिन्हित कर सुरक्षा की दृष्टि से डिस्मेंटल करने के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में नगर के ठक्कर बापा वार्ड स्थित कन्या प्राथमिक शाला नवापारा के जर्जर भवन को सुरक्षित तरीके से डिस्मेंटल किया गया। विद्यालय भवन लंबे समय से जर्जर स्थिति में था, जिससे विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों की सुरक्षा को लेकर संभावित खतरा बना हुआ था।



जर्जर भवन को डिस्मेंटल कराते अधिकारी

कलेक्टर के निर्देशानुसार आवश्यक सुरक्षा उपायों के साथ भवन को ध्वस्त किया गया, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना की आशंका समाप्त हो सके। मुख्य नगर पालिका अधिकारी होरी सिंह ठाकुर ने बताया कि जिले के सभी जर्जर स्कूल भवनों का सर्वे कर चरणबद्ध तरीके से उन्हें हटाने की कार्रवाई की जा रही है। इसका उद्देश्य बच्चों को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना तथा भविष्य में नवीन एवं सुविधायुक्त भवनों के निर्माण का मार्ग प्रशस्त करना है।



## मनियारी एनीकट का जलस्तर बढ़ा बारिश से किसानों को राहत

**तखतपुर।** इन दिनों क्षेत्र में हो रही लगातार बारिश से किसान तो खुश है ही नदी नाले भी छलक रहे है। लगातार हो रही बारिश से एक तरफ मौसम में भी ठण्डक बनी है । वहीं नगर सहित पूरे क्षेत्र का निस्तारी का एक प्रमुख साधन मनियारी एनीकट है जो इन दिनों लबालब भरा चल रहा है इससे भी लोगों ने भारी राहत ली है। खेती किसानी का काम भी अब जोरों पर है, जिस बारिश की पानी का इंतजार धान की बोआई के लिए किसानों को था वह इन दिनों हो रही झमाझम बारिश से पूरा हो गया है। एक सप्ताह पूर्व जिस मनियारी एनीकट पर बमुश्किल घुटने भर पानी था वहीं एनीकट अब लबालब भरा चल रहा है।

## गर्भवती महिलाओं को एचआईवी व सिफलिस जांच सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

**मुंगेली।** राष्ट्रीय एड्स एवं एसटीडी नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत एचआईवी एवं टीबी उन्मूलन अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से जिला स्तरीय



एचआईवी-टीबी समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला एड्स नियंत्रण अधिकारी डॉ. सुदेश रात्रे ने अप्रैल से जून तक की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने जिले में पंजीकृत सभी गर्भवती महिलाओं की शत-प्रतिशत एचआईवी एवं सिफलिस जांच सुनिश्चित करने तथा जांच संबंधी समस्त जानकारी को एचआईएमएस पोर्टल पर समयबद्ध रूप से दर्ज करने के निर्देश दिए। इसके लिए तीनों विकासखंडों में स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न घटकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए नियमित साप्ताहिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने पर बल दिया गया। एचआईवी उपचार बीच में छोड़ चुके मरीजों की गोपनीय तरीके से पहचान कर उन्हें पुनः एआरटी सेंटर, बिलासपुर से जोड़ने ,रिलिंक की प्रगति की भी समीक्षा की गई।



## एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बंधवा में प्रवेशोत्सव

**लालपुर।** पीएमश्री एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बंधवा में कक्षा छठवीं एवं कक्षा ग्यारहवीं, वाणिज्य संकाय के विद्यार्थियों के लिए प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन हुआ। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त शिवकुमार बांधे एवं विद्यालय के प्राचार्य जितेन्द्र सिंह तंवर ने विद्यार्थियों को बैग, पाठ्य-पुस्तकें, नोटबुक, पेन सहित आवश्यक अध्ययन सामग्री प्रदान की। उन्हें स्मार्ट कक्षाओं, विज्ञान प्रयोगशालाओं, खेल मैदान, छात्रावास तथा अन्य सुविधाओं का अवलोकन कराया गया। अपने प्रेरक उद्बोधन में सहायक आयुक्त शिवकुमार बांधे ने कहा कि पीएम श्री एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय जनजातीय विद्यार्थियों के सपनों को साकार करने का सशक्त मंच है। यहां गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आधुनिक संसाधन और व्यक्तित्व विकास के व्यापक अवसर उपलब्ध हैं। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## शाला प्रवेशोत्सव में मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान



**मोपका।** शासकीय उच्च माध्यमिक शाला बिजौर में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कक्षा नौवीं के नवप्रवेशी छात्राओं को पाठ्यपुस्तकें प्रदान की गईं तथा नवप्रवेशित बालिकाओं को राज्य शासन की निःशुल्क सरस्वती साइकिल योजना के तहत साइकिलों का वितरण किया गया।

इस अवसर पर सत्र 2025-26 की वार्षिक परीक्षा में कक्षा 8वीं, 9वीं, 10वीं, 11वीं एवं 12वीं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को मेडल एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि राजेश सूर्यवंशी ने कहा कि जीवन में सफलता का सबसे बड़ा आधार शिक्षा और ज्ञान है, इसलिए सभी विद्यार्थियों को पूरी लगन एवं मेहनत से अध्ययन करना चाहिए। विशिष्ट अतिथियों ने भी विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन एवं उज्वल भविष्य के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में वार्ड क्रमांक 49 के पार्षद सुनील सोनकर एवं सांसद प्रतिनिधि रमेश कुमार गुप्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष महानंद सूर्यवंशी, उपाध्यक्ष खेल कुमारी पटेल सहित समिति के सदस्य, एवं शाला के प्राचार्य सी. के. घृतलहरे, समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, पालक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## सम्मेलन में गूंजी पारंपरिक बांस गीत, कलाकारों ने बांधा समा

**मुंगेली।** फगनी देवी चमन लाल यादव स्मृति सेवा संस्थान बिलासपुर द्वारा आयोजित परिवार सम्मेलन समारोह कार्यक्रम में बांस गीत



प्रस्तुति का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुंगेली अंचल के बांस गीत कलाकारों में शिवरात यादव, धरमपुरा गायक, देवारी यादव कुंआगांव बांस वादक, गेंदराम यादव, भुण्डा ठेही, दल्लू यादव कोंड़ासर बांस वादक और शिवकुमार यादव कुंआगांव रागी ने कार्यक्रम में प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ. सोमनाथ यादव ने कहा कि अलग-अलग शहरों में रह रहे परिवार के सदस्यों को एक मंच पर लाकर रिश्तों को मजबूत करना और नई पीढ़ी को पारिवारिक विरासत और संस्कारों से जोड़ने के मुख्य उद्देश्य के इस आयोजन में बांस गीत की प्रस्तुति वास्तव में केवल एक विधा नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति और परंपरा के अनुसार संयुक्त परिवार के मूर्त रूप की जीवंत मिसाल है। मुख्य अभ्यागत फूलबासन यादव पद्मश्री सम्मानित, रामचंद्र यादव सरगुजा, शंकर यादव सूरजपुर, उत्तर यादव प्रांत प्रमुख कृषक कार्य कवर्धा एवं महेश श्रीवास अध्यक्ष बिलासा कला मंच, डॉ. सुधाकर भिड़े, यश मिश्रा, अश्वनी पांडे, एमडी मानिकपुरी इत्यादि की उपस्थिति में संपन्न हुए।

## अष्टमी पर महामाया मंदिर में हवन एवं कन्या पूजन

**तखतपुर।** गुप्त नवरात्रि की अष्टमी पर महामाया मंदिर में हवन एवं कन्या पूजन संपन्न हुआ । इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर महामाया का आशीर्वाद प्राप्त किया। मंत्रोच्चार एवं धार्मिक विधि-विधान के साथ आचार्य बलभद्र प्रसाद दुबे ने पूजा-अर्चना एवं हवन संपन्न कराया। हवन के पश्चात कन्या पूजन कर श्रद्धापूर्वक अठवाहि महाप्रसाद का भोग अर्पित किया गया।

मंदिर प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष जितेंद्र शुक्ला ने कहा कि गुप्त नवरात्रि साधना, शक्ति उपासना एवं आत्मिक उन्नति का विशेष पर्व है। इस दौरान माँ भगवती की आराधना से मनोकामनाओं की पूर्ति तथा सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। कार्यक्रम में मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष जितेंद्र पांडेय, उपाध्यक्ष जितेंद्र शुक्ला, कोषाध्यक्ष दिलीप तोलानी, मंदिर के पुजारी राजेन्द्र गोस्वामी, सूरज ठाकुर, रवि मानिकपुरी सहित अन्य श्रद्धालु एवं भक्तजन उपस्थित रहे। नवमी को पुष्पांजलि विसर्जन किया जाएगा।



### 24 लाख में बनेगा प्रवेश द्वार

महामाया मंदिर के प्रवेश द्वार के लिए विधायक धर्मजीत सिंह की अनुशंसा पर शासन ने 24 लाख 53 हजार रूपए की राशि स्वीकृत की है। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक और प्राचीन धरोहर को संरक्षित करने के साथ साथ स्थलों की आसानी से पहचान हो सके इसके लिए लगातार काम किया जा रहा है । इसी उद्देश्य को लेकर शासन से लगातार पहल की जा रही है तखतपुर मां महामाया मंदिर एक प्राचीन मंदिर है नगर ही नही पूरे क्षेत्र के लोगों की आस्था है।

### निजी स्कूलों में प्रवेश का तीसरा चरण कल से

**मुंगेली।** शिक्षा का अधिकार ,आरटीई अधिनियम 2009 के अंतर्गत निजी विद्यालयों में निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा के लिए शैक्षणिक सत्र 2026-27 के तृतीय चरण की प्रवेश प्रक्रिया 22 जुलाई से प्रारंभ होगी। पात्र अभिभावक 05 अगस्त तक आरटीई पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि ऑनलाईन आवेदन के लिए अभिभावक 22 जुलाई से 05 अगस्त तक आरटीई पोर्टल पर आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। आवेदन के बाद नोडल प्राचार्य द्वारा दस्तावेजों का परीक्षण कर पात्र एवं अपात्र आवेदनों का निर्धारण 25 जुलाई से 7 अगस्त तक किया जाएगा।

## एक सीएमओ के भरोसे तीन निकाय जनता के कार्य हो रहे प्रभावित

**पेंड्रा।** जिले की तीनों नगरीय निकायों, नगर पालिका परिषद पेंड्रा, नगर पालिका परिषद गौरेला एवं नगर पंचायत मरवाही में एक ही मुख्य नगर पालिका अधिकारी के प्रभार की व्यवस्था अब प्रशासनिक कार्यों और विकास योजनाओं पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रही है।

▪ जनप्रतिनिधियों ने की प्रत्येक निकाय में पूर्णकालिक अधिकारी की नियुक्ति की मांग

तीनों निकायों के जनप्रतिनिधियों ने शासन से प्रत्येक नगरीय निकाय में अलग-अलग पूर्णकालिक एवं नियमित सीएमओ की नियुक्ति करने की मांग की है, ताकि जनता के कार्य समयबद्ध ढंग से संपन्न हो सकें। नगर पालिका के अध्यक्ष राकेश जालान ने कहा कि वर्तमान व्यवस्था के कारण सीएमओ का समय तीनों निकायों में विभाजित हो गया है। प्रत्येक मंगलवार को जिला स्तरीय बैठकों में सहभागिता, बुधवार को गौरेला, गुरुवार को मरवाही तथा सप्ताह के अन्य दिनों में उच्च अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठकों के चलते पेंड्रा में उनकी उपलब्धता सीमित रह जाती है। इसका सीधा असर आम नागरिकों के दैनिक कार्यों, विकास परियोजनाओं, प्रशासनिक निर्णयों और आवश्यक फाइलों के समय पर निराकरण पर पड़ रहा है। कई महत्वपूर्ण कार्य केवल अधिकारी की अनुपलब्धता के कारण लंबित हो जाते हैं। नगर पंचायत मरवाही की अध्यक्ष मधुबाबा गुप्ता ने कहा कि मरवाही एक नवगठित नगरीय निकाय है, जहां वर्तमान में पेंड्रा के सीएमओ को अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। पेंड्रा से मरवाही की लगभग 40 किलोमीटर की दूरी होने के कारण सीएमओ सप्ताह में केवल एक दिन ही मरवाही पहुंच पाते हैं। इससे प्रशासनिक कार्यों, विकास योजनाओं की समीक्षा, निविदा प्रक्रियाओं, वित्तीय स्वीकृतियों तथा आम नागरिकों के आवश्यक कार्यों में अनावश्यक विलंब हो रहा है। नगर पालिका परिषद गौरेला के अध्यक्ष मुकेश दुबे ने भी कहा कि एक ही अधिकारी पर तीन निकायों की जिम्मेदारी होने से प्रशासनिक व्यवस्था प्रभावित हो रही है। उन्होंने बताया कि सीएमओ सप्ताह में केवल एक-दो दिन ही गौरेला में उपलब्ध रहते हैं, जिससे कार्यालयीन कार्यों के साथ-साथ विकास योजनाओं के क्रियान्वयन और जनसमस्याओं के निराकरण में भी बाधा उत्पन्न हो रही है।

## खेत में रोपाई कर रहे किसान की करंट की चपेट में आने से मौत

**लोरमी।** विकासखंड के ग्राम हरदीबांध में मंगलवार को एक किसान की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई । घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।



पुलिस के अनुसार ग्राम हरदीबांध निवासी आनंद साहू 32 वर्ष, पिता घूरु राम उर्फ रामदयाल साहू मंगलवार को दोपहर डेढ़ बजे अपने अधियार खेत में मजदूरो के साथ रोपा लगा रहे थे।बगल से गए कच्चें खम्भे से बोर के लिए विद्युत कनेक्शन गया है, आनंद साहू अचानक विद्युत करंट की चपेट में आ गए। करंट लगते ही वे गंभीर रूप से झुलस गए और मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल उन्हें उपचार के लिए निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया। जांच के बाद डॉक्टर ने किसान को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

---

**न्यायालय आयुक्त, बिलासपुर संभाग, बिलासपुर (छ.ग.)**
**// नोटिस //**
प्रकरण क्रमांक 202305071300083/9901/..../अ-12/2024-25
मौजा-पंधी, तहसील-सीपत, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)
योगेश मूलचंदानी व अन्य ............. पुनरीक्षणकर्तागण
**विरूद्ध**
केशरी राजपाल व अन्य ..................... अनावेदकगण
प्रति,
आशिष अग्रवाल,
आ. श्री अनिरुद्ध प्रसाद अग्रवाल, निवासी गीतांजली नगर कश्यप कालोनी, बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) .......................... अनावेदक
इस न्यायालय विचाराधीन प्रकरण क्रमांक 202305071300083/9901/...../अ-12/2024-25 मौजा-पंधी, तहसील-सीपत, जिला-बिलासपुर (छ.ग.) पक्षकार योगेश मूलचंदानी व अन्य विरूद्ध केशरी राजपाल व अन्य जो न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर जिला बिलासपुर (छ.ग.) के प्रकरण क्रमांक 202308071800028/149/अ-12/2022-23 में पारित आदेश दिनांक 05/03/2025 के विरूद्ध प्रस्तुत है, जिसमें आप अनावेदक क0-3 के रूप में पक्षकार है। उपरोक्त पुनरीक्षण प्रकरण में सुनवाई हेतु पेशी दिनांक 28/07/2026 नियत है।
अतः उपरोक्त पुनरीक्षण प्रकरण में नियत सुनवाई दिनांक 28/07/2026 को सुबह 11.00 बजे आप स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। प्रश्नाधीन पुनरीक्षण प्रकरण में उपरोक्त सुनवाई तिथि में अनुपस्थित रहने पर आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही करते हुये प्रकरण का निराकरण किया जायेगा।
आज दिनांक 20/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से जारी किया गया।
आयुक्त
बिलासपुर संभाग, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)

**आम सूचना**
मैं अपने पक्षकार अनिल कुमार साहू पिता भरत लाल साहू जाति तेली निवासी ग्राम किरना तह. सरगांव जिला मुंगेली की ओर से अधिकृत होकर यह आम सूचना कराता हूँ कि मेरे पक्षकार के द्वारा विजय, रानी पिता, मोहित, दिनेश, भीखम, रविशंकर, सेवंती पिता बहल राम, हिरन्दी पति बहल राम, रामबली, रामखेलावन, रानी, भुनेश्वरी, प्रीति, पिता रामटहल, पुना, पति रामटहल, रमेश, हिरा बाई, हिरन्दी, कालिंदी, पिता लतेल, एवं सिम्मी पिता मोहन, हेमलता पति मोहन सभी निवासी ग्राम किरना तह. सरगांव जिला मुंगेली (छ.ग.) के थाना हक एवं कब्जे की भूमि जो कि मौजा ग्राम-किरना, प.ह.नं.13 रा.नि.म. सरगांव तह. सरगांव जिला मुंगेली में स्थित है। जिसका ख.क्र. 127, 446, रकबा, क्रमशः 0.5320, 0.0400 हे. भूमि है। को क्रय करने का पक्का सौदा किया गया है। तथा दोनों पक्ष के मध्य इकरारनामा निष्पादित हुआ है। तथा जिसकी रजिस्ट्री निकट भविष्य में होनी है। एवं उक्त भूमि के खातेदार में से सिम्मी पिता मोहन एवं हेमलता पति मोहन द्वारा पंजीयन हेतु मेरे पक्षकार को मु.आ. दिया गया है।
यह कि उक्त सौदे से तथा दिये गये मु.आ. से किसी भी व्यक्ति, शासकीय, व अर्धशासकीय संस्था या कोई वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज करावें उक्त समयावधि के पश्चात की जाने वाली आपत्ति अमान्य होगी।
अतः सूचना जाने।
रोहित कुमार गेंदले
अधिवक्ता
पता: तहसील कार्यालय पथरिया
जिला - मुंगेली
Mo.No.:9754471588, 9406430993

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) तखतपुर जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
**// उपस्थित हेतु सूचना पत्र //**
क्रमांक/794/वाचक-2 / अ.वि.अ./ 2026
तखतपुर दिनांक 20-07-2026
प्रति,
श्री मुकेश कुमार निर्मलकर पिता संतकुमार निर्मलकर साकिन शांति नगर तिफरा तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)
एतद द्वारा इस सूचना पत्र के माध्यम से आपको सूचित किया जाता है कि आवेदक शास्त्री मनोज मिश्रा पिता श्री राम विशाल मिश्रा निवासी प्रियदर्शनी नगर बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम घुरू प.ह.नं. 61 तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर 396/35 रकबा 0.015 हे. भूमि आवेदक द्वारा श्री श्रवण वर्मा से दिनांक 06.01.2024 को विक्रय विलेख के माध्यम से क्रय किया गया है। वर्तमान राजस्व अभिलेख में मुकेश कुमार निर्मलकर पिता संतकुमार, संजय कुमार कश्यप पिता आत्माराम कश्यप के नाम पर प्रदर्शित हो रहा है, जिसे सुधार कर आवेदक के नाम पर दर्ज किये जाने हेतु छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 115 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया गया है।
अतः उक्त नोटिस के माध्यम से आपको सूचना दी जाती है कि आप दिनांक 30.07.2026 को समय 11:00 बजे इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष / समर्थन में दस्तावेज प्रस्तुत करे। उक्त तिथी समय को उपस्थिति नहीं होने की स्थिति में आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी आपकी होगी।
आज दिनांक 20.07.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया।
अनुविभागीय अधिकारी (रा.) तखतपुर
जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

**नाम परिवर्तन सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं दिनेश कुमार बाँधले पिता गनेशुराम बंधी निवासी 34 ख पीपल चौक सिरसहा पोस्ट सिलतरा तह. कोटा जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ 495330 का स्थाई निवासी हूँ। जो कि मैं अपने पुत्री का पूर्व नाम डिम्पी बाँधले (DIMPI BANDHLE) को परिवर्तित कर नया नाम अनन्या बाँधले (ANANYA BANDHLE ) रख लिया हूँ।
अतः अब से भविष्य मे मेरे पुत्री को सभी शासकीय, अर्ध शासकीय, सभी दस्तावेजों व निजी कार्यों में नया नाम अनन्या बाँधले (ANANYA BANDHLE) से जाना और पहचान जाए।
दिनांकः 20/07/2026
दिनेश कुमार बाँधले
पिता- गनेशुराम बंधी
निवासी सिरसहा पोस्ट सिलतरा
तह. कोटा जिला बिलासपुर
छत्तीसगढ़ 495330

**न्यायालय नायब तहसीलदार मुंगेली, जिला-मुंगेली (छ.ग.)**
**:: ईश्तहार ::**
ई-कोर्ट क्रमांकः 2026072575000/0
ग्राम - कैंथ नवागांव तह. व जिला-मुंगेली (छ.ग.)
एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक / आवेदिका आर.एल.डी. बायोफ्यूल दीपक शर्मा पिता/पति.....जाति.... साकिन एस.सी. ओ. 51, 52 फर्स्ट फ्लोर चंडीगढ़ तहसील व जिला मुंगेली द्वारा ग्राम कैंथ नवागांव प.ह.नं.26 रा.नि.मं. खैरा-सेतगंगा तहसील मुंगेली स्थित भूमि खसरा नंबर 81/18, 81/19, 81/20, 81/22, 81/23, 81/24, 81/25, 81/26, 91/1, 93/2, 94/2, 96, 97/2, 97/7, 97/8, 115/1 कुल ख.16 कुल रकबा-4.8540 एकड़/हेक्टेयर का मूल किसान-किताब जीर्ण शीर्ण/ गुम हो जाने के कारण डूप्लीकेट किसान किताब जारी किये जाने बाबत आवेदन पत्र पेश किया गया है।
इस संबंध में यदि किसी को कोई दावा/ आपत्ति पेश करना हो तो वे अपना दावा/ आपत्ति ईश्तहार प्रकाशन तिथि से दिनांक 24/07/26 के भीतर इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
ईश्तहार आज दिनांक 14/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।
नायब तहसीलदार
मुंगेली









# रेखा मेरे करीब बैठतीं और मुझे सहज महसूस कराती थीं : शेखर

**नई दिल्ली।** साल 1984 में आई फिल्म 'उत्सव' से शेखर सुमन ने अपने फिल्मी कॅरियर की शुरुआत की थी। इस फिल्म में उनके साथ रेखा लीड रोल में थीं। हाल ही में शेखर ने एक बातचीत में बताया कि उस समय रेखा इंडस्ट्री की बड़ी स्टार थीं, लेकिन उन्होंने कभी उन्हें ये एहसास नहीं होने दिया कि वो फिल्मों में नए कलाकार हैं। शेखर ने एक बातचीत के दौरान कहा कि कई बड़े सितारे अपने स्टारडम का असर सेट पर दिखाते हैं, लेकिन रेखा का स्वभाव बिल्कुल अलग था। वह उनके साथ बैठतीं, बातें करतीं और उन्हें सहज महसूस कराती थीं। इसी वजह से कैमरे के सामने काम करना उनके लिए आसान हो गया। एक्टर ने कहा, 'उन्होंने शुरू से ही ऐसा किया।

## लाइफ Style



# साहिबा

## कोई नेशनल न्यूज नहीं है मेरी डेटिंग लाइफ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एक्टर और डिजिटल क्रिएटर साहिबा बाली ने अपनी पर्सनल लाइफ और अर्जुन कपूर के साथ डेटिंग की अफवाहों पर होने वाली कवरेज की आलोचना की है और लोगों से कहा है कि वे ज्यादा जरूरी मुद्दों पर ध्यान दें।

उनका यह बयान लंदन में भारतीय उच्चायोग के बाहर हुई एक सभा की फोटो शेयर करने के बाद आया। हाल ही में अपनी पर्सनल लाइफ पर मिल रही अटेंशन पर प्रतिक्रिया देते हुए साहिबा बाली ने कहा कि उनकी डेटिंग लाइफ कोई नेशनल न्यूज नहीं है और मीडिया से अपील की कि वे ऐसी कहानियों पर ध्यान दें जो सच में लोगों का ध्यान खींचने लायक हैं। तस्वीर के साथ उन्होंने लिखा, 'डियर मीडिया, लंदन में मेरी डेटिंग लाइफ/दोस्ती के बारे में अंदाजे लगाना बंद करो, यह कोई नेशनल न्यूज़ नहीं है। अगर दिखाना ही है तो कुछ अच्छा दिखाओ'। साहिबा का यह बयान तब आया है जब अर्जुन कपूर के साथ उनके डेटिंग की अफवाहें तेजी से फैल रही थीं। यह चर्चा तब शुरू हुई जब दोनों को लंदन के मशहूर लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड में भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरे वनडे मैच के दौरान एक साथ देखा गया, जिससे सोशल मीडिया पर काफी बातें होने लगीं। इस चर्चा पर प्रतिक्रिया देते हुए, साहिबा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर अर्जुन के साथ एक तस्वीर शेयर की और एक मजाकिया कैप्शन के साथ इन अफवाहों को खारिज करने की कोशिश की, जिसमें लिखा था, 'हर बात पर यकीन न करें'।

## हॉलीवुड मसाला



# पर्दे पर फिर लौटेगा सुपरहीरो डेडपूल...

**नई दिल्ली।** भारत में मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स के बैनर तले बनने वालीं सुपरहीरोज मूवीज का क्रेज काफी देखने को मिलता है। कैप्टन अमेरिका से लेकर स्पाइडर मैन तक तमाम एमसीयू मूवीज ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया है। इसके अलावा डेडपूल भी मार्वल का वह सुपरहीरो कैरेक्टर है, जिसे इंडिया में काफी पसंद किया जाता है। अब खबर आ रही है कि एमसीयू डेडपूल 4 की तैयारी में लगा हुआ है, जिसका कन्फर्मेशन हॉलीवुड अभिनेता रयान रेनॉल्ड्स की तरफ से आया है।



# अवेंजर्स ... का ट्रेलर रिलीज लौट गए कैप्टन अमेरिका

**लॉस एंजिल्स।** बहुप्रतीक्षित फिल्म 'अवेंजर्सः डूम्सडे' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। डॉक्टर डूम से लड़ने के लिए क्रिस हेम्सवर्थ और मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स व अन्य जगहों के कई सुपरहीरो वापस आए हैं। पहले ट्रेलर में पिछली मार्वल और एक्स-मेन फिल्मों के कई मशहूर किरदार दिखाई देते हैं। एवेंजर्स सीक्वल के पहले ट्रेलर में एक बड़ी टीम दिखाई गई है। ये लोग दुनिया को बचाने के लिए एकजुट हो रहे हैं। थोर (क्रिस हेम्सवर्थ) असल लीडर की भूमिका निभाते हैं। थोर चेतावनी देता है कि अगर वे अभी एक साथ नहीं खड़े हुए, तो उनकी पिछली कुर्बानियां बेकार चली जाएंगी। वह उनसे अपनी छोटी-मोटी लड़ाइयां भुलाकर लड़ने के लिए कहता है। दो मिनट 26 सेकंड का यह ट्रेलर एक जबरदस्त रीयूनियन के साथ खत्म होता है।



# सलमान की मातृभूमि का नया पोस्टर जारी

**मुंबई।** मेकर्स ने फिल्म 'मातृभूमि' का एक नया पोस्टर साझा किया है। इसी के साथ निर्माताओं ने इसकी रिलीज डेट से भी पर्दा उठा दिया है। फिल्म 'मातृभूमि' का एक नया पोस्टर सोशल मीडिया (एक्स) पर शेयर किया गया है। पोस्टर के साथ लिखा गया है- 'एक सैनिक का वादा। एक परिवार की ताकत। एक राष्ट्र का गौरव।' इस पोस्टर के हिसाब से 'मातृभूमि' इसी साल रिलीज होगी। हालांकि, मेकर्स ने अभी तक रिलीज की पक्की तारीख नहीं बताई है, लेकिन यह तय है कि फिल्म इसी साल पर्दे पर आएगी। इस नए पोस्टर पर ध्यान देने वाली बात यह है कि इसमें निर्देशक का नाम नहीं लिखा है। इस पर सिर्फ सलमान खान फिल्म्स की एक फिल्म लिखा है। मेकर्स ने अभी तक इसकी वजह नहीं बताई है। शुरुआत में इस फिल्म का नाम 'बैटल ऑफ गलवां' रखा गया था।



# मिर्जापुर की शूटिंग हुई असली श्मशान में

**मुंबई।** मिर्जापुर 3 में मुन्ना भैया के अंतिम संस्कार वाला सीन तो याद ही होगा, जिसने सीजन तीन को एक अलग ही खामोशी की गहराई में छिपा दिया था। इस सीन में जान डालने के लिए मेकर्स ने इसे किसी नकली सेट पर नहीं, बल्कि एक असली और चालू श्मशान घाट पर शूट किया था। वेब सीरीज़ के मेकर्स को इस बारे में सख्त हिदायतें दी गई थीं, इसी को ध्यान में रखते हुए उन्होंने यह इमोशनल सीन शूट किया। मिर्जापुर 3 के मेकर्स ने बताया कि असली श्मशान घाट में शूटिंग करना किसी चुनौती से कम नहीं था। शूटिंग को लेकर वहां के प्रबंधक ने के कड़े नियमों और मर्यादा का पालन करने के लिए मेकर्स को हिदायत दे रखी थी। साथ ही शूटिंग के लिए क्रू को बेहद कम समय की शूटिंग विंडो दी गई थी।

## टीवी मसाला



# ऑपरेशन सफेद सागर में सब पर भारी पड़े बरुन, दीया दमदार

**नई दिल्ली।** आने वाली स्ट्रीमिंग सीरीज 'ऑपरेशन सफेद सागर' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। यह मिलिट्री ड्रामा कारगिल युद्ध के दौरान इंडियन एयर फोर्स के सबसे मुश्किल ऑपरेशन्स में से एक पर आधारित है। ओनी सेन के निर्देशन और अभिजीत सिंह परमार व कुशल श्रीवास्तव द्वारा बनाई गई यह सीरीज इस ऑपरेशन से जुड़े लोगों पर बेस्ड है। इसमें सिद्धार्थ, जिमी शेरगिल, अभय वर्मा, दीया मिर्जा, प्राजक्ता कोली, आदिल हुसैन, मिहिर आहूजा, तारुक रैना, अर्णव भसीन और अमृता बागची जैसे कलाकार हैं। जिमी शेरगिल विंग कमांडर बी.एस. धनोआ (जिन्हें टोनी के नाम से भी जाना जाता है) का किरदार निभा रहे हैं, जबकि सिद्धार्थ स्क्वाड्रन लीडर अजय आहूजा की भूमिका में हैं। ट्रेलर में उन्हें तेजी से बढ़ते संघर्ष के बीच दिखाया गया है, क्योंकि स्क्वाड्रन को कारगिल की पहाड़ियों में भारतीय सेना के ऑपरेशन में मदद करने का काम सौंपा गया है। युवा अधिकारियों में फ्लाइंग ऑफिसर आर.एस. धालीवाल के तौर पर अभय वर्मा, फ्लाइंग ऑफिसर सी.एच. बाल रेड्डी के तौर पर मिहिर आहूजा, फ्लाइट लेफ्टिनेंट जितेंद्र सांगवान के तौर पर तारुक रैना और फ्लाइंग ऑफिसर अमित गुप्ता के तौर पर अर्णव भसीन शामिल हैं। इस सीरीज में ऑपरेशन को सिर्फ एयरक्राफ्ट और लड़ाई-झगड़े के तमाशे के तौर पर नहीं दिखाया गया है, बल्कि यह स्क्वाड्रन के अंदर लिए गए मुश्किल फैसलों पर भी ध्यान देती है। इसमें दिखाया गया है कि पायलट कैसे डर, जिम्मेदारी और इस संभावना का सामना करते हैं कि हर उड़ान उनकी आखिरी उड़ान हो सकती है।

## दूरदर्शन का सबसे लंबा चलने वाला शो

**नई दिल्ली।** दूरदर्शन में रामायण, महाभारत और चित्रहार जैसे कई लोकप्रिय कार्यक्रमों ने दर्शकों का दिल जीता, लेकिन एक शो ऐसा भी है जो इन सबसे पहले शुरू हुआ और आज भी लगातार प्रसारित हो रहा है। इस कार्यक्रम का



नाम 'कृषि दर्शन' है. यह भारतीय टेलीविजन के सबसे लंबे समय तक चलने वाले कार्यक्रमों में शामिल है और इसके 16,000 से ज्यादा एपिसोड प्रसारित हो चुके हैं। यही वजह है कि इसका नाम लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में भी दर्ज किया जा चुका है। कृषि दर्शन की शुरुआत 26 जनवरी 1967 को दूरदर्शन पर हुई थी। शुरुआत में यह कार्यक्रम दिल्ली और उसके आसपास के करीब 80 गांवों के किसानों को खेती से जुड़ी नई तकनीक, फसल प्रबंधन और सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के उद्देश्य से बनाया गया था। समय के साथ इसकी लोकप्रियता बढ़ती गई और यह देश के सबसे लंबे समय तक प्रसारित होने वाले टीवी कार्यक्रमों में शामिल हो गया।

# थलपति विजय की फिल्म का हिंदी में होगा ऐसा हाल

## जन नायकन बनेगी तीसरी सबसे बड़ी ओपनिंग वाली मूवी

**नई दिल्ली।** थलपति विजय की आखिरी फिल्म 'जन नायकन' रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म 23 जुलाई को बड़े पर्दे पर रिलीज हो रही है। कोईमोई के मुताबिक, फिल्म का पहले दिन का कलेक्शन हिंदी में 'ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम' से भी कम होने वाला है। लियो के केस में लोकेश सिनमैटिक यूनिवर्स की वजह से काफी हाइप था। इसी वजह से फिल्म ने हिंदी में 2.85 करोड़ की ओपनिंग की थी। वहीं, 'ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम' को भी ओपनिंग डे पर अच्छा रिस्पॉन्स मिला। वहीं 'जन नायकन' की बात करें तो फिल्म क हिंदी वर्जन क ओपनिंग डे पर 1.4 से 1.8 करोड़ तक कमाने की खबरें हैं। अगर ऐसा हुआ तो फिल्म थलपति विजय की हिंदी में तीसरी बिगेस्ट ओपनिंग वाली फिल्म बन जाएगी। इस लिस्ट में 'लियो' सबसे आगे है। 'लियो' ने 2.85 करोड़ की ओपनिंग की थी। दूसरे नंबर पर 'द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम' है। इस फिल्म ने 2.1 करोड़ कमाए थे। तीसरे नंबर पर 'वरिसु' है। इस फिल्म ने 70 लाख कमाए थे। चौथे नंबर पर 'बीस्ट' है. फिल्म ने 60 लाख की ओपनिंग की थी। पांचवें नंबर पर 'मास्टर' है. फिल्म ने 50 लाख कमाए थे।




# विलेन की अदाकारी करते वक्त मुझसे मत उलझना

**नई दिल्ली।** पर्दे पर गंभीर और चैलेंजिंग किरदारों के लिए पहचान बनाने वाले केके मेनन अभिनय को अलग नजरिए से देखते हैं। उनका मानना है कि किसी भी किरदार को निभाने से पहले उसे अपने भीतर तलाशना जरूरी है। 'आदर्श बाल विद्यालय' के प्रमोशन के दौरान एक बातचीत में उन्होंने अभिनय, किरदार और अपने काम को लेकर खुलकर बात की। सीरीज में अपने किरदार ज्ञानेश्वर पर बात करते हुए केके मेनन कहते हैं, 'अगर मैं अपने भीतर से ज्ञानेश्वर को नहीं निकालूंगा तो मैं फेक एक्टिंग कर रहा होऊंगा। मैं जो भी करता हूं, उसमें बुरे किरदार भी मेरे भीतर से ही आते हैं। अगर ऐसा नहीं हुआ तो वह सिर्फ एक्टिंग रह जाएगी। इसलिए, मैं हमेशा कहता हूं कि जब मैं कोई बहुत बुरा किरदार निभा रहा होता हूं तो 'एक्शन' और 'कट' के बीच मुझसे मत उलझना। क्योंकि, उस वक्त मैं केके मेनन नहीं होता। मैं अपने भीतर की उसी बुराई को जी रहा होता हूं। मैं हर किरदार को इसी तरह अप्रोच करता हूं।' किरदार की तैयारी के सवाल पर केके मेनन कहते हैं, 'मैं टेक्स्ट पर बहुत भरोसा करता हूं। डायरेक्टर और राइटर मेरे लिए बहुत मदद करते हैं। मैं स्क्रिप्ट को न जाने कितनी बार पढ़ता हूं। मेरे लिए यही सबसे पक्का तरीका है, क्योंकि जितनी बार आप स्क्रिप्ट पढ़ते हैं, हर बार वह आपको कुछ यूनिक देती है। इसमें कोई रॉकेट साइंस नहीं है।'



***मैं सब कुछ नहीं जानता :*** रोल चुनने को लेकर केके मेनन का कहना है, 'मैंने रोल इसलिए नहीं छोड़ा कि वह सुरक्षित था। मैंने सिर्फ इसलिए छोड़ा क्योंकि उसने मेरी दिलचस्पी नहीं जगाई। रोल चुनने का कोई फॉर्मूला नहीं है। जो मुझे पसंद नहीं आता, वही किसी दूसरे अभिनेता को पसंद आ सकता है। इसलिए मैं यह भी नहीं सोचता कि मैं सब जानता हूं। मुझसे भी गलती हो सकती है।'

### टेंशन जरूरी है

करीब तीन दशक के लंबे करियर के बाद भी केके मेनन की तैयारी में कोई ढील नहीं आई है। क्या इतने वर्षों बाद भी पहले दिन शूटिंग पर घबराहट होती है? इस पर केके मेनन कहते हैं, 'मैं इसे नर्वसनेस नहीं, एसेंशियल टेंशन कहता हूं। थोड़ा-सा टेंशन होना जरूरी है, नहीं तो काम नहीं करता। जैसे 100 मीटर का धावक स्टार्ट लाइन पर खड़ा होता है या क्रिकेटर पहली गेंद खेलने जाता है। हर किसी के भीतर वह थोड़ा-सा टेंशन होना चाहिए, जो आपको अपने पैरों पर खड़ा रखे। बस वह स्ट्रेस नहीं बनना चाहिए।'

## वो सनकी संगीतकार, जिनके जनाजे में शामिल हुए फिल्मी दुनिया के सिर्फ दो लोग

# लता का किया अपमान, किशोर दा को बताया शोर कुमार

**नई दिल्ली।** म्यूजिक की दुनिया में कई ऐसी दिग्गज हस्तियां आई हैं, जिन्होंने एक से बढ़कर एक कालजयी गाने बनाए, लेकिन उनकी अपनी पहचान गुमनाम ही रह गई। 5 दशक से अधिक समय तक संगीत जगत में एक अलग पहचान बनाने वाले नामों में एक नाम उस संगीतकार का भी है, जिन्होंने हिंदी सिनेमा के संगीत को एक नया आयाम दिया। उन्हें न सिर्फ भारतीय सिनेमा में उनके अलग संगीत और 22 हजार से अधिक गानों में मैंडोलिन बजाने के लिए जाना जाता है, बल्कि अपने सनकी और मूडी स्वभाव के कारण भी वे अक्सर सुर्खियों में रहे। कौन थे वे संगीतकार, जिनकी अंतिम विदाई में सिर्फ दो बॉलीवुड हस्तियां पहुंची थीं और जिन्होंने लता मंगेशकर जैसी दिग्गज गायिका की भी क्लास लगा दी थी?



### क्यों कहा जाता था उन्हें बेबाक और सनकी?

हम बात कर रहे हैं मशहूर संगीतकार सज्जाद हुसैन की। 5 दशक से ज्यादा समय तक संगीत की दुनिया में सक्रिय रहे सज्जाद हिंदी सिनेमा की सबसे विवादित हस्तियों में से एक रहे। उनका गुस्सैल स्वभाव, बेबाक बोल और समझौता न करने की आदत अक्सर उन्हें विवादों में डाल देती थी।

### गीतकार डीएन मधोक से हो गया था झगड़ा

साल 1944 में आई फिल्म 'दोस्त' के शानदार संगीत की सफलता का श्रेय जब निर्देशक शौकत हुसैन रिजवी ने अपनी पत्नी नूरजहां को दिया, तो स्वाभिमानी सज्जाद ने कसम खा ली कि वे अब कभी उनकी पत्नी के लिए गाना कंपोज नहीं करेंगे। वहीं, फिल्म 'सैंया' की रिकॉर्डिंग के दौरान उनका गीतकार डी.एन. मधोक से झगड़ा हो गया था। यही नहीं, एक बार लता मंगेशकर को लेकर की गई उनकी टिप्पणी के कारण दोनों के बीच बातचीत बंद हो गई थी।

### 20 से ज्यादा बड़े प्रोजेक्ट्स गंवा दिए

सज्जाद हुसैन के इस बेबाक और कड़वे स्वभाव के कारण धीरे-धीरे लोग उनसे दूर होने लगे। अपने 34 साल के कॅरियर में उन्होंने अपने अड़ियल रवैये की वजह से 20 से ज्यादा बड़े प्रोजेक्ट्स गंवा दिए। लता मंगेशकर ने एक पुराने इंटरव्यू में माना था कि सज्जाद हुसैन के साथ काम करने में घबराहट होती थी, क्योंकि वे बारीकियों पर बहुत ध्यान देते थे और उन्हें जरा भी लाउड गाना पसंद नहीं था।

### दिलीप कुमार से हो गई थी अनबन

सज्जाद हुसैन ने सिर्फ नूरजहां या लता मंगेशकर से ही पंगा नहीं लिया, बल्कि 'संगदिल' की शूटिंग के दौरान दिलीप कुमार से भी उनकी अनबन हो गई। वे अपनी तीखी बयानबाजी के लिए मशहूर थे, उन्होंने तलत महमूद को 'गलत महमूद' और किशोर कुमार को 'शोर कुमार' तक कह दिया था। कहा जाता है कि निर्माता-निर्देशक के. आसिफ से हुए मनमुटाव के कारण ही उनके हाथ से 'मुगल-ए-आजम' जैसी ऐतिहासिक फिल्म का संगीत निकल गया था।

### उधास-खय्याम पहुंचे थे अंतिम विदाई देने

महान संगीतकार सज्जाद हुसैन का निधन 21 जुलाई 1995 को माहिम स्थित उनके घर पर हुआ। जब उनकी अंतिम यात्रा निकली, तो उनके पांच बेटों और एक बेटी के अलावा पूरी फिल्म इंडस्ट्री से सिर्फ दो लोग मशहूर गायक पंकज उधास और संगीतकार खय्याम ही उन्हें अंतिम विदाई देने पहुंचे थे।

21 JULY -BSP- pg-6_Layout 1 7/22/2026 1:37 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### अधिवक्ता संघ का चुनाव 25 को

**बिलासपुर।** जिला अधिवक्ता संघ का चुनाव 25 जुलाई को होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी एआर के राव ने जिला अधिवक्ता संघ बिलासपुर चुनाव वर्ष 25026 के प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी कर दी है। इसमें अध्यक्ष पद के लिए चार प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतरे हैं। इसमें अनुराध बाजपेयी, चंद्रशेखर बाजपेयी, संदीप कुमार द्विवेदी, टीआर निराला शामिल हैं।

### ड्राइवर पर चाकू से हमला, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** कार खड़ी कर घर जा रहे ड्राइवर के साथ युवक ने मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया। सरकण्डा पुलिस के अनुसार चिंगराजपारा सूर्या चौक निवासी मोनू ठाकुर पिता श्याम सिंह ठाकुर ड्राइवरी का काम करता है। 19 जुलाई की रात 9.30 बजे कार खड़ी कर अपने घर जा रहा था। इसी दौरान सौरभ उर्फ पोचो देवांगन पीछे से आकर गाली गलौज कर मारपीट करते हुए चाकू से हमला कर दिया। जिससे उसके हाथ में चोट आई है। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### गाली देने से मना करने पर वकील से मारपीट

**बिलासपुर।** गाली देने से मना करने पर वकील के साथ मारपीट की गई।



पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार नेहरू नगर निवासी वकील अमितेश तिर्की पिता मुक्ता कुमार तिर्की 20 जुलाई की रात 10 बजे घर में खाना खा रहे थे। घर के बाहर गाली की आवाज सुनकर बाहर निकले तो 4 - 5 लड़के गाली गलौज कर रहे थे। उन्होंने गाली देने से मना किया तो युवकों ने उनके साथ मारपीट कर दी। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### फसल बीमा योजना पर पंजीयन 31 जुलाई तक

**बिलासपुर।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ 2026 में ऋणी और अऋणी किसानों के लिए फसल बीमा कराने की अंतिम तारीख 31 जुलाई है। किसान इस दिन तक बैंक, सहकारी समिति, लोक सेवा केंद्र, कृषि विभाग के जरिए अधिसूचित फसलों का बीमा करा सकते हैं। योजना के तहत बाधित रोपाई, रोपण जोखिम जैसी स्थितियों में सुरक्षा मिलेगी। अधिसूचित क्षेत्र में कम बारिश या खराब मौसम से अधिसूचित मुख्य फसल की बोआई, रोपण, अंकुरण नहीं होने पर भी बीमा कवर मिलेगा। ओलावृष्टि, जलभराव, बादल फटना, प्राकृतिक आकाशीय बिजली, चक्रवाती बारिश, बेमौसम बारिश से होने वाले नुकसान पर भी सुरक्षा दी जाएगी। ऋणी और अऋणी किसान जिले के सहकारी बैंकों में आवेदन कर सकते हैं। सेवा सेतु केंद्रों के जरिए भी आवेदन किया जा सकता है। अधिकारियों के मुताबिक इस साल खरीफ सीजन में धान सिंचित, धान असिंचित, मक्का, कोदो-कुटकी, रागी, अरहर, मूंगफली, उड़द, मूंग फसलें शामिल हैं। खरीफ फसल के लिए कुल बीमित राशि ऋणमान के आधार पर तय होगी। किसानों को प्रीमियम के रूप में 2 प्रतिशत राशि देनी होगी। 31 जुलाई तक किसानों को पंजीयन करना आवश्यक है।

---

**वैकल्पिक क्षेत्र का निर्माण होगा**

**कोर्ट के समक्ष अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी, अगली सुनवाई अक्टूबर के अंतिम सप्ताह में**

# तीन महीने तक नहीं हटाए जाएंगे बृहस्पति बाजार के व्यापारी, निगम देगा सारी सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम ने सालों पुराने बृहस्पति बाजार को तोड़कर नया मल्टीलेबल स्मार्ट बाजार बनाने की योजना बनाई है। यहां के सब्जी व्यापारी लेकिन हटाने और दूसरी जगह बेहतर व्यवस्था देने की मांग कर रहे हैं।

व्यापारियों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर सर्व सुविधायुक्त मार्केट की मांग की है। याचिका की सुनवाई के दौरान नगर निगम ने कोर्ट को आश्वस्त किया है कि तीन महीने के भीतर व्यवसायियों को सुविधायुक्त वैकल्पिक बाजार देंगे। व्यवस्थापन के बाद ही व्यापारियों को हटाया जाएगा। कोर्ट ने नगर निगम को जरुरी निर्देश जारी किया है। नगर



निगम की ओर से पैरवी करते हुए अधिवक्ता अनादि शर्मा ने कोर्ट को बताया कि निगम तीन महीने के भीतर बृहस्पति बाजार के दुकानदारों के लिए एक अस्थायी व्यवस्था के रूप में वैकल्पिक खरीदारी क्षेत्र का निर्माण करेगा। वैकल्पिक बाजार के पूरा होने पर, कोर्ट के समक्ष अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी। निगम की ओर से कहा गया कि तीन महीने की अवधि के लिए, याचिकाकर्ताओं को बृहस्पति बाजार में स्थित उन परिसरों से नहीं हटाया जाएगा जहां से वे वर्तमान में अपना व्यवसाय चला रहे हैं।

इस पर कोर्ट ने नगर निगम को निर्देश जारी किया कि वह उस स्थान पर वैकल्पिक बाजार का निर्माण करे जहां बृहस्पति बाजार के दुकानदारों को स्थानांतरित करने का प्रस्ताव है। नई जगह पर आवश्यक बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए। साथ ही नगर निगम यह सुनिश्चित करेगा कि वैकल्पिक बाजार का विकास सार्वजनिक बाजारों पर लागू निर्धारित मानदंडों और मानकों के अनुसार हो।

### नई जगह पर बुनियादी सुविधाएं जरूरी

वैकल्पिक बाजार का स्थान सुविधाजनक और आम जनता के लिए आसानी से सुलभ होना चाहिए। निगम यह भी सुनिश्चित करेगा कि सभी बुनियादी नागरिक अवसंरचना और आवश्यक सुविधाएं, जिनमें पर्याप्त स्वच्छता, पेयजल, बिजली आदि शामिल हैं, उपलब्ध हो। इसके अलावा अस्थायी बाजार में जल निकासी, पार्किंग सुविधाएं और अन्य आवश्यक सार्वजनिक सुविधाएं प्रदान करनी होगी ताकि दुकानदार बिना किसी अनुचित कठिनाई के अपना व्यवसाय जारी रख सकें। याचिका की अगली सुनवाई के लिए कोर्ट ने 26 अक्टूबर 2026 से शुरू होने वाले सप्ताह में सूचीबद्ध करने का निर्देश रजिस्ट्री को दिया है। याचिकाकर्ता जयप्रकाश सराफ की ओर से अधिवक्ता दीपाली पांडे और अधिवक्ता ईशान वर्मा व राज्य शासन की ओर आनंद दादरिया ने पैरवी की।

### ऐसा बनेगा मल्टी लेवल सब्जी बाजार

गौरतलब है कि बृहस्पति बाजार को मल्टी लेवल सब्जी बाजार बनाया जाएगा। इसके लिए डीएमएफ फंड से 13 करोड़ 39 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। मल्टी लेवल सब्जी मार्केट के बेसमेंट में पार्किंग व्यवस्था रहेगी। प्रथम तल पर सब्जी विक्रेताओं के लिए चबूतरे और द्वितीय तल पर थोक सब्जी विक्रेताओं के लिए 66 दुकानें होंगी। दोनों तरफ से सीढ़ी और लिफ्ट की सुविधा रहेगी। साथ ही महिला-पुरुषों के लिए अलग-अलग वाशरूम होंगे। एक तरह से यह सुपर मार्केट या माल की तरह रहेगा। लोग आराम से बिना धक्का-मुक्की के सामान खरीद सकेंगे। गर्मी और वर्षाकाल में भी व्यापारियों और ग्राहकों दोनों को राहत रहेगी। थोक मार्केट भी यहीं होने से चिल्हर विक्रेताओं को भाग दौड़ से मुक्ति मिलेगी।

---

**बिल्हा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का मामला, मरीजों को होती है दिक्कत**

# बिजली गुल होते ही अस्पताल में छा जाता है अंधेरा, सोलर पैनल सिस्टम भी फेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिल्हा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में मरीजों को मिलने वाली सुविधा के नाम पर मजाक हो रहा है। कहने को यहां लाखों रूपए के सोलर पैनल लगाए गए है लेकिन बैटरी बैकअप नहीं होने के कारण बिजली जाते ही पूरे अस्पताल में अंधेरा छा जाता है।

बिल्हा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में सोलर ऊर्जा छलावा साबित हो रहा है। लाखों रूपए खर्च कर 140 किलोवाट का सोलर पैनल लगाया गया है। आन ग्रीड होने के कारण यह महज बिजली रहने पर ही काम करता है लेकिन इसकी बिजली अस्पताल के लिए विकल्प नहीं बन सकी है। इस माह का बिजली बिल 60 हजार रूपए से अधिक है। दरअसल आए दिन होने वाली बिजली बंद से मरीज और डाक्टर हलाकान होते है। बताया जा रहा है कि क्रेडा ने



#### हो चुकी है बैटरी की चोरी

खास बात यह है कि सरकारी फंड से पुराने अस्पताल में सोलर पैनल और बैटरी बैकअप दोनों लगाया गया है लेकिन समय के साथ ही पैनल कबाड़ होने लगे है और देखरेख नहीं होने के कारण बैटरी चोरी हो चुकी है। जिससे इस सिस्टम को नए अस्पताल में लगाया भी नहीं जा सकता है।

वित्तीय सहायता के अंतर्गत ऑन ग्रीड सोलर सिस्टम लगाया है, जिसमें बैकअप की व्यवस्था ही नहीं है। ऐसे में बिजली बंद होते ही अस्पताल अंधेरे में डूब जाता है। वहीं 83 किलोवाट के जनरेटर को चालू करने के लिए अस्पताल के पास डीजल का टोटा है ऐसे में महज आपातकालीन में ईनवटर के भरोसे काम होता है, बिजली बंद होते ही डाक्टर और स्टाफ भाग खड़े होते है।

#### वार्ड बॉय को बनाया सुपरवाइजर

बताया जा रहा है कि जनरेटर को बंद व चालू करने के लिए वार्ड बॉय विवेक शर्मा को जिम्मा दिया गया है। उसे इस काम का सुपरवाइजर बनाया गया है, लेकिन बिजली बंद होने पर सुपरवाइजर अपनी जिम्मेदारी से बचता रहता है। साथ ही रात के समय जनरेटर को शुरू करने के लिए कोई भी कर्मचारी मौजूद नहीं रहता है। ऐसे में मरीजों को रात भर बिना बिजली के गुजराना पड़ रहा है।

#### बैकअप सिस्टम काम नहीं करता

140 किलो वाट का सोलर पैनल है, अभी दो माह पहले लगाया गया है, यह बैकअप सिस्टम पर काम नहीं करता है लेकिन बिजली की आपूर्ति के दौरान यूनिट बनता है और इससे बिजली बिल में कमी आती है।

**-डॉ एसके गुप्ता,** बीएमओ, बिल्हा

#### फिलहाल पूरी जानकारी नहीं

मेरी पदस्थापना अभी ही हुई है, इसलिए मुझे सोलर पैनल की पूरी तरह से जानकारी नहीं है। बिल्हा अस्पताल का निरीक्षण कर ही जानकारी दे सकूंगा।

**-दीपक साहू,** एई, क्रेडा

---

# बेलगाम ट्रैक्टर खेत में पलटा 2 महिलाओं की मौत, 5 घायल



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

20 मजदूरों को बैठाकर धान रोपाई करने जाने के दौरान ट्रैक्टर ट्राली सहित खेत में पलट गया। हादसे में दो महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई है। वहीं गंभीर रूप से घायल पांच लोगों को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने चालक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर लिया है।





मृतिका।

हिर्री टीआई दामोदर मिश्रा ने बताया कि 21 जुलाई की सुबह 7 बजे मेडपार निवासी चालक चंद्रशेखर पटेल पिता रामलाल पटेल 26 साल बिना नम्बर ट्रैक्टर ट्राली गांव के ही 20 महिला व पुरूषों को बैठाकर ग्राम सर्करा खेत में धान रोपाई करने के लिए लेकर जा रहा था। चालक द्वारा तेज गति से लापरवाही पूर्वक ट्रैक्टर चलाने से मोतीलाल जायसवाल के खेत के पास अनियंत्रित होकर खेत में घुसकर पलट गया। ट्राली के नीचे कई महिलाएं दब गई। हादसे के बाद गांव में हड़कंप मच गया। आनन फानन में जेसीबी मंगाकर ट्राली को उठाकर घायलों को बाहर निकाला गया। ट्राली में दबकर मेड़पारा निवासी मथुरा निषाद पति आरती निषाद 36 साल, बम्लेश्वरी निषाद पति दिलीप निषाद 35 साल की मौके पर ही मौत हो गई।

वहीं गंभीर रूप से घायल मिनौली निषाद, चमारिन केंवट, संगीता प्रजापति, रामकुमार प्रजापति, चंदा बाई केंवट को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने अजय यादव की रिपोर्ट पर चालक चंद्रशेखर पटेल के खिलाफ गैर इरादतन हत्या बीएनएस की धारा 105, 125 ए, 281 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

---

# आवश्यकता से अधिक हैं कानन जू में वन्यप्राणी



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कानन पेण्डारी मीडियम जू में सीजेडए के नियम और आवश्यकता से अधिक वन्यप्राणियों की संख्या हो गई है। इसके कारण वन्यप्राणियों के आहार, दवाई, देखरेख सहित अन्य कार्यो में अतिरिक्त राशि खर्च हो रही है। इसमें सबसे अधिक संख्या चीतलों की है, जिसे दूसरे जू में भेजने की तैयारी की जा रही है।

बिलासपुर के कानन पेण्डारी मीडियम जू का संचालन इन दिनों अचानकमार अमरकंटक बायोस्फियर टाइगर रिजर्व कर रही है। जून में मांसाहारी और शाकाहारी वन्यप्राणियों के लिए अलग-अलग केज की व्यवस्था प्रबंधन ने की हुई है, जिसमें लायन, तेंदुआ, हाइना, टाइगर, भालू के अलावा सर्प, मछली, काकड़, हिरण, सांबर, चिंकारा, चौसिंगा, नीलगाय, गौराल, लोमड़ी, जंगली सुअर, बायसन, दरियाई घोड़ा, रोज पेलिकन, ईमू सहित अन्य पक्षी शामिल हैं। किसी भी चिड़ियाघर में कौन सी प्रजाति के वन्यप्राणियों की संख्या कितनी होनी चाहिए, इसका निर्धारण केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण करता है, जिसका पालन जू प्रबंधन को करना होता है। कानन पेण्डारी जू में कई वन्यप्राणी सरप्लस हैं। जू के अलग-अलग केज में रखे गए वन्यप्राणियों के रखरखाव, उपचार के अतिरिक्त सबसे अधिक खर्च आहार में प्रबंधन को होता है। वन्यप्राणियों को आहार देने के लिए प्रति तीन वर्ष में ठेका किया जाता है।

#### अदला-बदली की परंपरा

देश के सभी जू में वन्यप्राणियों के अदला-बदली की परंपरा है। आवश्यकता से अधिक वन्यप्राणियों की संख्या होने के कारण उन्हें देने के लिए दूसरे जू से संपर्क किया जाता है। अगर कोई जू संबंधित वन्यप्राणी को लेने के लिए तैयार होता है तो उनके जू से अपने जू के लिए जरूरत के अनुसार वन्यप्राणी लिया जाता है। हमारे यहां भी वन्यप्राणियों की संख्या अधिक है, जिसके कारण दूसरे जू से देने के लिए संपर्क लगातार हो रहा है।

**-राजेन्द्र सोरी,** अधीक्षक, कानन पेण्डारी जू

---

### सिम्स में दूरबीन् पद्धति से टीबी मरीज का ऑपरेशन

**बिलासपुर।** सिम्स में पहली बार दूरबीन पद्धति से शल्य चिकित्सा कर टीबी के कारण फेफड़ों के आसपास पानी जमा होने से पीड़ित 57 वर्षीय मरीज का सफल उपचार किया गया। ऑपरेशन के बाद मरीज की स्थिति में तेजी से सुधार हुआ और वर्तमान में वह स्वस्थ है। मरीज पिछले तीन माह से लगातार बुखार से पीड़ित था। जांच में उसके दाहिने फेफड़े के आसपास काफी मात्रा में पानी जमा होने का पता चला। उसे सिम्स के क्षय रोग विभाग में भर्ती कर टीबी की दवाएं शुरू की गईं। कई बार पानी निकालने के बावजूद दोबारा जमा होने पर मरीज को सामान्य शल्य चिकित्सा विभाग भेजा गया। क्षय रोग, सामान्य शल्य चिकित्सा और निश्चेतना विभाग के विशेषज्ञों ने संयुक्त रूप से दूरबीन पद्धति से ऑपरेशन करने का निर्णय लिया। शल्य चिकित्सा के दौरान फेफड़े के आसपास जमा पानी निकाला गया और आवश्यक प्रक्रिया पूरी की गई। सिम्स के डीन डॉ. रमणेश मूर्ति ने कहा कि आधुनिक उपकरण उपलब्ध होने से अब ऐसे मरीजों को दूसरे शहरों में भेजने की जरूरत नहीं पड़ेगी। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. लखन सिंह ने बताया कि निजी अस्पतालों में इस उपचार पर एक से दो लाख रुपये तक खर्च आता है, जबकि सिम्स में यह सुविधा निर्धारित शासकीय शुल्क और पात्र मरीजों को आयुष्मान भारत योजना के तहत उपलब्ध है।



---

# अवैध सागौन कटाई करने वाले आरोपी गिरफ्तार, वाहन जब्त



पुलिस गिरफ्त में आरोपी व जब्त वाहन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

वन विकास निगम की टीम ने मुखबिर की सूचना पर सागौन के पेड़ों की अवैध कटाई और परिवहन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की है। इस दौरान आरोपियों को गिरफ्तार करने के साथ बाइक और चार पहिया वाहन भी जब्त किया गया है, जिसे राजसात करने की तैयारी की जा रही है।

■ **वन विकास निगम भैसाझार वन परिक्षेत्र में की गई कार्रवाई**

वन विकास निगम बिलासपुर के डीएफओ सत्यदेव शर्मा को सूचना मिली कि कोटा वन परिक्षेत्र के भैंसाझार क्षेत्र में सागौन के पेड़ों की अवैध कटाई और परिवहन किया जा रहा है। सूचना मिलते ही डीएफओ ने टीम को तत्काल जांच करने के बाद कार्रवाई करने का आदेश दिया। डीएफओ से आदेश मिलने के बाद टीम ने अवैध सागौन की कटाई और परिवहन के मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार करने के साथ ही लाखों के सागौन और पिकअप सीजी 10 सीए 5801 और बिना नम्बर की एक बाइक को जब्त किया है। आरोपी ग्राम राजपुर निवासी ललित साहू 25 साल, चनाडोंगरी निवासी लालसिंह यादव 21 साल, चनाडोंगरी निवासी दुर्गेश पाली 25 साल और ग्राम बांधा तखतपुर निवासी नीलकुमार धृतलहरे शामिल हैं।

आरोपियों के पास से वाहन और जब्त की गई लकड़ी को केन्द्रीय रोपणी भैंसाझार परिसर में सुरक्षित रखा गया है। वन विकास निगम ने आरोपियों कें खिलाफ भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 32 (क) एवं 32 (ग) के तहत अवैध कटाई और अवैध परिवहन का मामला कायम करने के बाद जांच शुरु कर दिया है।

---

# स्कूल के पास चल रहा था हुक्काबार पुलिस को देखकर भागे संचालक

**बिलासपुर।** बीती रात सिविल लाइन पुलिस ने स्कूल के पास संचालित हो रहे अवैध हुक्का बार में दबिश दी। पुलिस को देखकर संचालक अपने साथी के साथ भाग निकला। पुलिस ने कमरे से बड़े पैमाने पर हुक्का का सामान बरामद किया है। पुलिस ने फरार संचालकों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

कोतवाली सीएसपी प्रशिक्षु आईपीएस गगन कुमार को शिकायत मिली कि व्यापार विहार सेंट सेवियर्स स्कूल के पास विजय कुमार देशमुख के थर्ड फ्लोर मकान को किराए में लेकर मदर टरेसा रोड कुम्हारपारा जरहाभाठा निवासी श्रीकांत प्रजापति पिता राजाराम प्रजापति, मुंगेली फंदवानी निवासी सोनू दास मानिकपुरी पिता महेन्द्र दास मानिकपुरी अवैध रूप से हुक्काबार संचालित कर रहा है। यहांयुवाओं की हुक्का का कश लगाने के लिए भीड़ लगी रहती है, जिससे आसपास के क्षेत्र का वातावरण खराब हो रहा है। 20 जुलाई की रात सीएसपी ने बल के साथ अवैध रूप से संचालित हुक्का बार में दबिश दी। पुलिस को देखकर संचालक श्रीकांत प्रजापति, सोनू दास मानिकपुरी कमरे से निकलकर भाग गए। कमरे की तलाशी लेने पर 6 नग हुक्का पोर्ट, 10 नग हुक्का पाइप, कोको फ्लेवर 3 पैकेट, स्मोकिंग सिरना 2 नग, हुक्का टीप्स 10 नग, एक स्टील का चिमटी सहित अन्य सामान जब्त किया गया है। सिविल लाइन पुलिस ने फरार संचालक श्रीकांत प्रजापति, सोनू दास मानिकपुरी के खिलाफ 21, 1, 27, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है। पुलिस दोनों फरार संचालक के तलाश में जुट गई है।

#### पूर्व में भी हुई थी कार्रवाई

पूर्व में सिविल लाइन पुलिस ने गौरवपथ रिहाइसी एरिया वसुंधरानगर के एक मकान में दबिश देकर भारी मात्रा में हुक्का का सामान बरामद कर संचालक श्रीकांत प्रजापति व अन्य को गिरफ्तार किया था। वहां भी वह किराए के मकान में हुक्का बार संचालित कर रहा था।

---

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

---

# फर्जी सर्पदंश के आरोपी सिम्स चौकी के दो नगर सैनिक पुलिस रिमांड पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

फर्जी सर्पदंश के मामले में गिरफ्तार सिम्स चौकी के दोनों नगर सैनिक को पुलिस ने कोर्ट में पेश कर परिमांड की मांग की। कोर्ट ने दोनों को पूछताछ के लिए एक दिन की रिमांड पर पुलिस को सौंप दिया है। पुलिस दोनों से पूछताछ करने में लगी है।

मोबाइल कालडिटेल में मुख्य सरगना वकील से दोनों की कई बार बातचीत होने का प्रमाण मिला है। ज्ञात हो कि फर्जी सर्पदंश से मौत के मामले में सघन जांच के





आरोपी नगर सैनिक

बाद 20 जुलाई को सिम्स चौकी में पदस्थ नगर सैनिक रामकुमार पाटनवार पिता स्व. देवनारायण पाटनवार 40 साल बंधवापारा सरकण्डा, रामेश्वर भास्कर पिता स्व. अंजोर दास भास्कर 53 साल अमेरी निवासी को गिरफ्तार किया गया था। 21 जुलाई को पुलिस ने दोनों नगर सैनिक को कोर्ट में पेश कर पुलिस रिमांड की मांग की। कोर्ट ने पूछताछ के लिए दोनों को एक दिन के रिमांड पर पुलिस को सौंप दिया है।

पुलिस दोनों नगर सैनिक से पूछताछ करने में जुटी है। बताया जाता है दोनों नगर सैनिक कोई भी मृत्यु की सूचना चौकी में आने पर वकील महेन्द्र मनहर को सूचित करते थे। दोनों का मोबाइल कालडिटेल निकालकर वकील से कई बार बातचीत होना पाया गया है।

#### डॉक्टर गोले की तलाश

ज्ञात हो कि पिछले दिनों सर्पदंश से मौत के मामले में तोरवा पुलिस ने सिम्स के पूर्व डाक्टर प्रियंका सोनी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं डाक्टर प्रियंका सोनी के खिलाफ सिविल लाइन थाना के एक प्रकरण में अपराध दर्ज है। इसी तरह सिरगिट्टी थाना के सर्पदंश के मामले में सिम्स में पदस्थ डा. एसएन गोले के खिलाफ अपराध दर्ज है। मामला उजागर होने के बाद डा. गोले ड्यूटी से भाग खड़ा हुआ है। पुलिस ने डीन को डा. गोले को सूचना देने नोटिस जारी किया है।

---

